26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 2 फरवरी, 2026

अंक- 100 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# SC-ST एक्ट के ख़िलाफ़ सात फरवरी से आंदोलन

## शंकराचार्य से आशीर्वाद लेकर अलंकार अग्निहोत्री का बड़ा एलान

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार की शाम केदारघाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। शंकराचार्य का आशीर्वाद लेकर वह मीडिया से रूबरू हुए। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि यह मुलाकात राजनीतिक रणनीति का हिस्सा नहीं है बल्कि एक शुभ संयोग है। शंकराचार्य से मुलाकात कर सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इससे पूर्व प्रयागराज में शंकराचार्य ने आमंत्रित किया था लेकिन समयाभाव के चलते पहुंच नहीं सके। शंकराचार्य के काशी आगमन पर मुलाकात का अवसर मिला। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि काशी से व्यक्तिगत जुड़ाव है, क्योंकि आईआईटी बीएचयू से शिक्षा प्राप्त की है, इसलिए यहां आना भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण है।



अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार की नीतियों, विशेष रूप से एससी-एसटी एक्ट और प्रस्तावित यूजीसी रेगुलेशन को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कहा कि 1989 में लागू एससी-एसटी एक्ट देश का सबसे बड़ा काला कानून है। इस कानून के तहत दर्ज लगभग 95 प्रतिशत मामले फर्जी होते हैं, जिनके कारण समाज के बड़े वर्ग को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। अग्निहोत्री ने कहा कि हालांकि यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए दिशानिर्देशों पर रोक लगा दी गई है, लेकिन बड़ा मुद्दा SC/ST एक्ट को खत्म करना है, और कहा कि अगर इसे 6 फरवरी तक वापस नहीं लिया गया, तो केंद्र सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 फरवरी आखिरी तारीख है। अगर तब तक SC/ST एक्ट खत्म नहीं किया गया, तो केंद्र सरकार को चार्टर्ड प्लेन में बिठाकर गुजरात वापस भेज दिया जाएगा।

### लड़ाई असल में कभी राज्य सरकार से नहीं थी

जब उनसे पूछा गया कि वह अब केंद्र सरकार को क्यों निशाना बना रहे हैं, जबकि शुरुआती झगड़ा राज्य सरकार से था, तो उन्होंने साफ किया कि लड़ाई असल में कभी राज्य सरकार से नहीं थी, बल्कि मुख्य रूप से केंद्र सरकार से थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश में उसके साथ भेदभाव कर रहे हैं, और दावा किया कि राज्य प्रशासन बहुत ज्यादा दबाव में काम कर रहा है।

# पाक भुगतेगा विश्वकप में 'बहिष्कार' का खामियाजा

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पाकिस्तान ने रविवार को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का मुकाबला खेलने से मना कर दिया। पाकिस्तान की सरकार ने राष्ट्रीय टीम को सात फरवरी से होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलने की मंजूरी दी है, लेकिन भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान बहिष्कार की नौटंकी कर रहा है, लेकिन उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। पाकिस्तान सरकार ने 'एक्स' पर लिखा था, 'पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।' सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के माध्यम से दिए गए इस निर्णय को बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाए जाने से जुड़े एक राजनीतिक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी ने पाकिस्तान सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि इस बहिष्कार के परिणामस्वरूप दंडात्मक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने बयान में कहा, आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इससे वैश्विक क्रिकेट व्यवस्था पर असर पड़ने की संभावना है जिसका वह स्वयं एक सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी राष्ट्रीय नीति के मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करती है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या दुनिया भर के प्रशंसकों जिनमें पाकिस्तान के लाखों प्रशंसक भी शामिल हैं इनके कल्याण के हित में नहीं है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

Modern Era Public School
Nehtaur
Aff. No. 2132822 School Code: 81912
We Are Hiring!
Requirements:
Artificial Intelligence (AI) Teacher
PPRT
PRT
Gun Man
Security guard
Interested candidates may send their CV.
(Salary as per efficiency and experience)
Send your CV to : mepsnehtaur6@gmail.com or +919870947832
For more information : +919870947832 +919027816411
APPLY NOW
Jhalu Road Nehtaur (Bijnor)

# सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर जारी


## चांदी 16000 तक टूटी, सोना 3400 सस्ता

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोने 3400 रुपये तक सस्ता हो गया। वहीं चांदी में 16,000 रुपये तक की गिरावट देखने को मिली। कीमतों में अस्थिरता का दौर जारी है।

एमसीक्स पर सोने का भाव 3,415 रुपये गिरकर 1,38,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 2.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी 15,939 रुपये सस्ती होकर 2.49 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसमें छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार की शुरुआती ट्रेडिंग में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4 प्रतिशत तक फिसला, जबकि चांदी में भी इसी के आसपास गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, 12 प्रतिशत तक टूटने के बाद चांदी 80 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर टिक गई। इससे पहले सत्र में चांदी ने अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट दर्ज की थी, जो बीते 10 वर्षों की सबसे तेज गिरावट मानी जा रही है। बीते एक साल में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं, जिसने अनुभवी निवेशकों को भी चौंका दिया था। जनवरी में यह तेजी और तेज हो गई थी, जब वैश्विक तनाव, कमजोर होती मुद्राएं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी का रुख किया।

हालिया गिरावट की बड़ी वजह शुक्रवार को सामने आई वह खबर मानी जा रही है, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फेड चेयर के तौर पर केविन वॉर्श को नामित करने की योजना बना रहे हैं। इस खबर के बाद डॉलर मजबूत हुआ और उन ट्रेडर्स की धारणा कमजोर पड़ी, जो नरम डॉलर की उम्मीद लगाए बैठे थे।

## 11वीं पुण्यतिथि



स्व. डॉ. रामकुमार शर्मा

'सूनी कर चले गये, छोड़ प्यारी सी फुलवारी, सूना-सूना आंगन लगता है बस रह गयी यादें तुम्हारी'

आज आपकी पुण्यतिथि पर हम सभी अपने अश्रुपूरित नैनों एवं द्रवित हृदय से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं एवं आपके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लेते हैं। आपकी अनमोल स्मृतियां ही हमारे जीवन का संबल हैं।

श्रद्धावनत:- श्रीमती सुधा शर्मा ( धर्मपत्नी )
डॉ. कपिल शर्मा- श्रीमती पारूल शर्मा ( पुत्र-पुत्रवधू )
इंजी. अरिंजय कौशिक, इंजी. अचिन्त्य कौशिक ( पौत्र )
आवास:- शक्तिनगर, बैराज रोड, बिजनौर

श्रीराम ट्रस्ट, बिजनौर मो. 9412216070

# मंडावली में रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

## जयंती सकुशल सम्पन्न होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक की प्रशंसा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। संत शिरोमणि रविदास जयंती के मौके पर मंडावली में रविदास धर्मशाला में रविदास मंदिर को फूलों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मंदिर में हवन पूजन कर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ एसएसआई योगेंद्र सिंह, कमेटी अध्यक्ष सुनील कुमार, हाजी मिट्ठू ठेकेदार, बनवारी लाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कमेटी अध्यक्ष सहित अन्य आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों का माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा रविदास मंदिर से होकर गांव के प्रमुख मार्गों को होते हुए परम्परागत तरीके से निकाली गई। ग्रामीणों ने शोभायात्रा का



रविदास जयंती के अखाड़े में करतब दिखाते खिलाड़ी।

गांव में कई स्थानों पर स्वागत करते हुए भाईचारे का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर, संत गुरु रविदास के जयकारे लगाए। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। खलीफा बनवारी लाल, प्रेम सिंह, प्रवीण कुमार, शेर सिंह, आदि के निर्देशन में शोभायात्रा में कलाकारों ने अखाड़े में करतब दिखाए। शोभायात्रा में सुन्दर झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। जसराम सिंह, गुलशन कुमार, भीम सैन हल्दिया, मनोज कुमार, हीरा लाल, जाहिद मकरानी, माजिद हुसैन, वाजिद मकरानी, साबू ठेकेदार, पत्रकार मोहित कर्णवाल, पुनीत चौहान, सचिन अग्रवाल, मोहम्मद नाजिम, बुंदू मकरानी, अहसान मकरानी, मुजाहिद मकरानी, मोहम्मद अब्बास, गौरव कुमार, दीपक कुमार, धर्मेंद्र सिंह, रामकुमार, सुशील कुमार, कलवा सिंह, रमाकांत हल्दिया, सुप्रीम, संजय सिंह, राजेंद्र सिंह, विपिन कुमार, टोनी सिंह, सूरज कुमार, रोहिताश सिंह, बब्बू कुमार आदि मौजूद रहे। एसएसआई योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। मंडावली क्षेत्र के अन्य गांव में भी रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक मनाई गई। रविदास जयंती पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के कुशल नेतृत्व में त्यौहार सकुशल सम्पन्न होने पर क्षेत्र लोगों ने थाना प्रभारी की प्रशंसा की।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने रविदास जयंती पर शोभायात्रा का शुभारंभ किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर कई गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने गुरु रविदास की शोभायात्रा का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी। गांव के सम्मानित एवं जिम्मेदार लोगों ने चेयरमैन का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा कार्यक्रम में शिरकत पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने क्षेत्र के ग्राम महावतपुर, खलीलपुर, शेरपुर, शेरपुर अभी, सैदपुरी, आलम सराय, हरचंदपुर, गौसपुर, कामराजपुर, जालपुर, मंडावली, गाजीपुर, पूरनपुर गढ़ी एवं बिजौरी सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर रविदास जयंती पर आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम।

## संत रविदास एक महान संत थे: मोबीन हसन

नजीबाबाद (चिंगारी)। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649 वीं जयंती रविदास धर्मशाला साहनपुर में कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास से मनाई गई। संत रविदास एवं अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह की ओर से आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता मोबीन हसन ने संत रविदास को एक महान संत तथा समाज सुधारक बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम आयोजक महेंद्र सिंह तथा शिक्षक नेता रामनाथ सिंह ने कहा संत रविदास के मिशन को जाति विहीन समाज, छुआछूत, अंधविश्वास को समाप्त करना तथा समाज को एक सूत्र में बांधना था। दीवान सिंह की अध्यक्षता एवं मास्टर धर्मेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विकास कुमार, लवकुश, मोहित, ललित, अर्जुन, अवनीश कुमार, वीरेंद्र पाल, रतन सिंह, राम बलि, राम कुमार, मदन, आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में विचार रखते शिक्षक नेता मोबीन हसन।

## शेरी नशिस्त में शमशाद अहमद ने मारी बाजी



प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले शमशाद अहमद को सम्मानित करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के एक यूट्यूब चैनल की ओर से शेर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शेर हवा के रूख को बदलना बहुत जरूरी है, चराग हूं मैं मेरा जलना बहुत जरूरी है पर सबसे ज्यादा लायक व शेयर में नजीबाबाद के मौहल्ला गडरियान निवासी प्रसिद्ध गायक शमशाद अहमद कूकर वालों ने प्रथम स्थान पाया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों ने प्रतिभाग किया। कृष्णा सिनेमा स्थित हाजी नौशाद अख्तर सैफी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में शमशाद अहमद को चैनल के एमडी अल्ताफ रजा खां ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाजी नौशाद अख्तर, उबैद नजीबाबादी, रहमान, शादाब अहमद सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीएलओ की उपस्थिति का स्थलीय निरीक्षया किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। चुनाव आयोग द्वारा इस बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विशेष अभियान में सभी बूथों पर तैनात बूथ लेबल अधिकारी की उपस्थिति का स्थलीय निरीक्षण दिन में दो बार किए जाने का आदेश जारी किया गया। इसी क्रम में आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज बूथ पर सभी बीएलओ की उपस्थिति का स्थलीय निरीक्षण सुबह व दोपहर दो बार सुपरवाइजर मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। बूथ पर सभी बीएलओ उपस्थित पाए गए। सुपरवाइजर मुकेश शर्मा द्वारा प्रारूप 6 व प्रारूप 8 जमा की स्थिति को पता किया गया। प्रारूप 6 व प्रारूप 8 का वितरण भी किया गया। बूथ पर आमिर अली, गुलिस्तान, बृजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, ओमवती, सुनीता रानी, सलमा परवीन, मुनेश कुमार सभी बीएलओ उपस्थित रहे।



## मंडावली के पूर्व प्रधान मुंशी रहीम बख्श की याद में हुआ कार्यक्रम



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के जिला अध्यक्ष जाहिद मकरानी के आवास पर उनके वालिद पूर्व प्रधान मरहूम मुंशी रहीम बख्श की याद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उनकी यादों को संजोया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मुंशी रहीम बख्श ने आजादी के बाद गांव का नेतृत्व एक प्रधान के रूप में किया। उन्होंने सभी को साथ लेकर अपनी गंगा-जुमनी तहजीब को कायम रखा जो कि आज भी कायम है, गांव के सभी लोग मिलजुलकर रहते है, इसकी एक मिशाल है। गांव के सभी लोग एक दूसरे के त्यौहारों को मिलजुलकर प्रेम सौहार्द के साथ मनाते है। मरहूम मुंशी रहीम बख्श व उनके बड़े बेटे मरहूम अब्दुल माजिद मकरानी, पूर्व ग्राम प्रधान मरहूम सईद अहमद को खिराजे अकीदत पेश करते हुए दरूद शरीफ व इसाले सवाब की दुआ की गई। सभी ने उनके अच्छे कर्मों को याद कर, बिना किसी भेदभाव के कार्य करने व उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जाहिद मकरानी ने अपने वालिद की तरह बिना भेदभाव के कार्य करने को दोहराते हुए पत्रकारिता क्षेत्र में मोहित कर्णवाल व अब्दुल रहमान अल्वी को बिना भेदभाव व निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल रऊफ एवं संचालन डॉ. मुजाहिद हुसैन ने किया। मुशर्रफ अली, मोहम्मद सरताज, इस्तेखार, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद बुनियाद मकरानी, मोहम्मद जैद, मोहम्मद दानिश, नूरू, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद शकील, मोहम्मद असलम, मोहम्मद दिलशाद आदि ने विचार रखे।

# ऋण आवेदक से 45 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोचा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सहसपुर शाखा में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एंटी करेप्शन टीम ने बैंक के शाखा प्रबंधक, फील्ड अधिकारी और एक निजी कर्मचारी को ऋण आवेदक से 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच कर अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में शाखा प्रबंधक कपिल कुमार, फील्ड अधिकारी विकास कुमार और एक निजी व्यक्ति (कैजुअल वर्कर) शामिल हैं। गांव जयरामपुर निवासी चंचल दिवाकर की पत्नी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत आरओ प्लांट लगाने के लिये दिसंबर माह में पांच लाख रुपये के ऋण हेतु यूपी ग्रामीण बैंक, सहसपुर शाखा में आवेदन किया था। आरोप है कि फील्ड अधिकारी ने ऋण स्वीकृति के बदले पहले 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 45 हजार रुपये कर दिया गया। शिकायतकर्ता द्वारा सीबीआई से संपर्क करने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि फील्ड अधिकारी ने शाखा प्रबंधक के साथ मिलकर रिश्वत की साजिश रची थी।

शनिवार की शाम को 15 सदस्यीय सीबीआई टीम सहसपुर पहुंची और रिश्वत देते रंगे हाथों प्रबंधक कपिल कुमार और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को पकड़ लिया । हालांकि चतुर्थ श्रेणी के संविदाकर्मी ने बैंक से भागने का प्रयास किया लेकिन निकलते ही उसे टीम ने दबोच लिया, जिसके बाद घंटों की कार्यवाही चली और लगभग 12 बजे फील्ड अधिकारी को उसके आवास से गिरफ्तार कर बैंक लाया गया, जहां रविवार की सुबह लगभग 8 बजे तक जांच पड़ताल हुई, जिसके बाद टीम तीनों को लेकर गाजियाबाद रवाना हो गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि छापेमारी की गयी है लेकिन टीम द्वारा इसकी जानकारी नही दी गयी थी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# हीमपुर दीपा में धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि रविदास समिति हीमपुर दीपा रतनपुर खुर्द के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा भी निकली गई, जिसमें विभिन्न झांकियां सजी थी शोभायात्रा का गांव में सभी वर्गों द्वारा




भारी स्वागत किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ रविदास धर्मशाला से हुआ। शोभायात्रा के आयोजन में शामिल अखाड़े में गांव के युवाओं के विभिन्न करतब आकर्षण का केंद्र रहे अखाड़े के खलीफा मुनेश्वर सिंह युवाओं का मार्ग निर्देशन करते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से लाखों का गन्ना जला

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव खेड़ा अजीजपुरा के जंगल में विद्युत लाइन का जर्जर तार टूट कर एक किसान के खेत में गिर गया। परिणाम स्वरूप खेत में खड़ी गन्ने की हरी-भरी फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेम सिंह के खेत के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। शुक्रवार की देर शाम विद्युत लाइन का जर्जर तार टूट कर गिर गया जिससे निकली चिंगारी की चपेट में आकर लगभग 6 बीघा गन्ना जल गया, जब तक किसान को घटना का पता चला तब तक खेत में खड़ा सारा गन्ना जलकर बुरी तरह बर्बाद हो चुका था। जले हुए गन्ने की कीमत लाखों में बताई जा रही है। शाम को किसान खेम सिंह ने हीमपुर दीपा थाना पहुंचकर विद्युत विभाग के खिलाफ तहरीर दी। किसानों का आरोप है कि ऐसी घटनाओं के प्रति विद्युत विभाग के अधिकारी उदासीन बने रहते हैं। शायद उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार हो।



# झण्डा लगाने में पुलिस ने ढाई दर्जन के ख़िलाफ़ दर्ज की रिपोर्ट

## लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**नहटौर ( चिंगारी )। बाकरनगर में ग्राम समाज की भूमि में बिना प्रशासनिक अनुमति के झंडा लगाने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को नामजद करते हुए 34 के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।**

बता दे कि रविवार ग्राम बाकरनगर में सार्वजनिक भूमि पर दलित समाज के लोगों ने रविदास जयंती के उपलक्ष्य में पूजा-अर्चना के लिये एक चबूतरा बनाया और उस पर झंडा लगा दिया था। सूचना मिलते ही तहसीलदार धनराज कुमार, नायब तहसीलदार राजकमल सिंह और थाना प्रभारी धीरज नागर सहित राजस्व विभाग व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत की, लेकिन इस दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने ग्रामीणों से वार्ता कर चबूतरे और झंडे को हटवा दिया। हल्का लेखपाल गजेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 9लोगो को नामजद करते हुए 34 के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट दर्ज होने से हड़कंप मच गया है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## पानी की हक़ीक़त

जल जीवन की धारा है। साफ पेयजल की सामान्य उपलब्धता संस्कृति के स्तर को दिखाती है, क्योंकि यह उन लोगों के प्रति चिंता दिखाती है जो संसाधनों की कमी से पीड़ित हैं। यह पूरी मानवता के जीवन की गुणवत्ता के बारे में जागरूकता के सामान्य स्तर को दिखाती है। साफ पानी की आपूर्ति के लिये जिम्मेदार लोगों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि पाइप से आने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच डिलीवरी पॉइंट पर की जानी चाहिए। अधिकांश कमियां यहीं पकड़ी जाती हैं।

मध्य प्रदेश के इंदौर में हाल ही में हुये प्रकोप ने इस जोखिम को साफ तौर पर उजागर किया है। 31 दिसम्बर 2025 को भागीरथपुरा, इंदौर के निवासी नल का पानी पीने के बाद बीमार पड़ गये। दूषित पानी पीने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह त्रासदी उस शहर में हुई, जिसे स्वच्छता की गुणवत्ता के लिये अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। साफ है आंकड़ों में विकास की गुलाबी तस्वीर दिखायी जाती है, जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और होती है।

कोई भी अशुद्धता सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की खराब गुणवत्ता का प्रतीक है। ऐसी व्यवस्था के एजेंडे में सर्वव्यापी गंदगी में रहने वाले जनता के बड़े वर्गों के प्रति कर्तव्यों के लिए लगभग कोई जगह नहीं है। पानी अपने आप में समाज में एक प्रमुख देखभाल करने वाला है। इसी स्रोत से समाज पर अधिकांश चुनौतियां हमला करती हैं। हाल ही में हमने देखा कि इंदौर से दूषित पानी ने कितनी विनाशकारी भूमिका निभाई। केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन की एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि मध्य प्रदेश में एक तिहाई से अधिक ग्रामीण पीने का पानी इंसानों के पीने के लिये अनुपयुक्त है, जिससे लाखों लोग घातक प्रदूषण के संपर्क में आ रहे हैं।

यह एक विडंबनापूर्ण घटना है, क्योंकि इंदौर को कई सालों से लगातार भारत का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है, क्योंकि उसने कचरा अलग करने और प्रबंधन के बेहतरीन तरीकों के साथ-साथ स्वच्छता के कई अन्य उपाय किये हैं। जैसा कि हर दुर्घटना के बाद दुर्भाग्य से होता है, दोषारोपण का खेल तेजी से शुरू हो गया और अधिकारियों ने इसका दोष नई सप्लाई लाइन लगाने में धीमी प्रगति पर मढ़ा।

# पत्रकारिता और साहित्य का चमकता सितारा टूट गया!

ख़िराजे अक़ीदत

1 फरवरी 2026 रविवार की सुबह गुनगुनी धूप के साथ एक बुरी ख़बर लेकर आई कि प्रसिद्ध पत्रकार, साहित्य अकादमी सहित दर्जनों पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजे गये, व्यंग्य और हास्य लेखक, निबंधकार, अनुवादक, संकलनकर्ता, नामी शायर, विश्लेषक, समीक्षक उर्दू साहित्य का चमकता और दमकता सितारा सैयद असद रज़ा नक़्वी, दिल का दौरा पड़ने से नई दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में इस फानी दुनिया को हमेशा के लिए छोड़कर चले गये। दो दिन पहले तबियत में अचानक नासाज़ी के कारण उन्हें फोर्टिस अस्पताल, नई दिल्ली में दाखिल कराया गया, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी तदफ़ीन पैतृक वतन पेदी सादात, बिजनौर में अमल में आई।

सैयद असद रज़ा नक़्वी, तख़ल्लुस 'असद रज़ा', 2 जनवरी 1952 को पेदी सादात, जिला बिजनौर में पैदा हुए थे। बिजनौर उनका पैतृक गांव था। असद रज़ा के दादा सैयद मज़हर अली नक़्वी असगराबाद राज्य के जनरल मैनेजर थे। उनके पिता सैयद ज़फ़र अली नक़्वी डिप्टी इन्स्पेक्टर ऑफ स्कूल्स थे। उनकी माता सैयदा क़मर बानो थीं। घर में शिक्षा का दौर-दौरा था, इसलिए असद रज़ा को शुरू से ही पढ़ने-लिखने का शौक था। उन्होंने अंग्रेजी और उर्दू में एमए किया। टीचिंग के शौक ने उन्हें बीएड भी करा दिया। जिला मुज़फ़्फ़रनगर के एक इंटर कॉलेज में अंग्रेजी के लेक्चरर रहे। आठ साल तक लेक्चरर रहने के बाद, पत्रकारिता के कीमिया किसी तरह उनके शरीर में प्रवेश कर गए और वे संयुक्त रूस के दिल्ली में उसके प्रकाशन 'सोवियत जायज़ा' से एडिटर के रूप में जुड़ गए। रूस के टुकड़े होने के बाद प्रकाशन बंद हो गया और असद रज़ा नियमित पत्रकारिता में सक्रिय हो गए। कुछ समय तक उर्दू वीकली 'नई दुनिया' से जुड़े रहे और उसके बाद सहारा परिवार का हिस्सा बन गए और संपादक के पद तक पहुंचे। 25 साल तक 'सहारा परिवार' के साथ रहे। इस दौरान उर्दू दैनिक 'राष्ट्रीय सहारा', हफ्तावार 'आलमी सहारा' और मासिक 'बज़्म ए सहारा' के माध्यम से पत्रकारिता और साहित्यिक सेवाएं दीं। फिलहाल असद रज़ा दिल्ली में अपने बेटे समर नक़्वी के साथ रहते थे और लेखन में व्यस्त थे। असद रज़ा ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और हालात पर बहुत सारे लेख लिखे हैं, लेकिन उनके अंदर व्यंग्य और हास्य की एक अद्‌भुत क्षमता है, जिसने उनसे हास्य साहित्य का निर्माण करवाया। यह भी कम ही देखा गया है कि कोई व्यंग्य और हास्य लेखक बच्चों का साहित्य भी लिखे। असद रज़ा में ये दोनों गुण मौजूद रहे। उनकी लेखनी ने बच्चों के लिए हास्य लेख भी लिखे, कविताएं भी लिखीं और कहानियां भी लिखीं। उनका बनाया हुआ बच्चों का साहित्य इतना मानक है कि साहित्य अकादमी ने उन्हें इसके लिए पुरस्कार दिया और बच्चों के लिए लिखी गई कहानी 'चांद नगर की सैर' को पश्चिम बंगाल सरकार ने छठी कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया है। असद रज़ा ने 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय सहारा में हालात-ए-हाज़रा पर कविताएं भी लिखीं और 1991 से 2011 तक अख़बार में व्यंग्यात्मक कॉलम 'तल्खियां' लिखा। असद रज़ा की विभिन्न विषयों पर दर्जन से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश किसी न किसी राज्य अकादमी के पुरस्कार के लिए चुनी गई हैं। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की शख्सियत सीरीज में 'निश्तर खानकाही' पर एक किताब संकलित कर चुके हैं। उनका लिखा हुआ हास्य सीरियल 'फाइव स्टार नर्सिंग होम' डीडी उर्दू पर प्रसारित हुआ है। असद रज़ा एक अनुभवी पत्रकार और लेखक रहे।



इतने ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बाद भी उनका व्यवहार बहुत सरल व सादा था। उनकी बोली ठेट बिजनौरी थी। मसरूफ़ जिंदगी के बावजूद भी वह लगातार सबके सम्पर्क में रहते भी थे और रखते भी थे। मेरे प्रथम लेख संग्रह 'फैज़ान ए राक़िम' का विमोचन दिल्ली में पद्मश्री अख्तरूल वासे के साथ उन्होंने किया था। आखिरी बार वह अज़ीज़ नहटौरी के काव्य संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में मंडावर (बिजनौर) आए थे। असद रज़ा ने सामाजिक बुराइयों पर भी लिखा। विभिन्न घटनाओं और परिवर्तनों पर भी लिखा। नैतिक मूल्यों के पतन पर भी उनकी क़लम चली। व्यंग्यात्मक और हास्य लेख लिखना वैसे भी मुश्किल होता है और वह भी संक्षिप्त में लिखना निहायत ही मुश्किल है और असद रज़ा इस मुश्किल को आसानी से पार कर जाते । असद रज़ा को कई सम्मान प्राप्त हैं, जो उनके साहित्यिक कद को और भी ऊंचाई देते हैं।

असद रज़ा नक़्वी ने पत्रकारिता व साहित्य के मैदान में कई दशकों सेवाएं अंजाम दीं। असद रज़ा नक़्वी के निधन से उर्दू पत्रकारिता और अदब एक ऐसी क़ीमती आवाज़ से महरूम हो गया है, जिसकी गूंज देर तक महसूस की जाती रहेगी। पत्रकार बिरादरी, अदबी हल्के और उनके शागिर्द व साथी दिवंगत के अहले खाना से दिली तअज़ियत और सब्र जमील की दुआ करते हैं।

▶▶ शेख़ नगीनवी, 9412326875

प्रेरक-प्रसंग

## शिव की महिमा

अमरपुर गांव में एक गरीब कारीगर भोलाराम रहता था, उसकी भक्ति इतनी गहरी थी कि वह भूखा-प्यासा रहकर भी शिव का नाम जपता। एक बार गांव में महामारी फैली। लोग बीमार हो रहे थे, और दवाइयां बेअसर थीं। गांव वाले निराश हो चुके थे। भोलाराम ने मंदिर में जाकर भगवान शिव से प्रार्थना की, 'हे महादेव,' मेरे गांव को बचा लो। मेरे पास कुछ नहीं, बस आपका नाम है। उसने सात दिन तक बिना अन्न-जल के तप किया, केवल 'ओम नमः शिवाय' जपते हुए सातवें दिन, जब वह बेहोश होने को था, तो शिव स्वयं प्रकट हुए, उनकी जटाओं से गंगा की धारा बही, जिससे गांव शुद्ध हुआ। महामारी चली गई और लोग स्वस्थ हो गए। भगवान शिव ने भोलाराम से कहा, तेरी भक्ति ने मुझे बुलाया, जो 'निःस्वार्थ भाव से मुझे पुकारता है, मैं उसका दुःख हर लेता हूं।' शिव बोले, 'वरदान मांगो।' भोलाराम ने कोई वरदान नहीं मांगा, केवल शिव के चरणों में सिर झुकाया। गांव वाले यह चमत्कार देखकर हैरान हो गए। सभी ने शिव की भक्ति शुरू कर दी।

# भेदभावरहित समाज की स्थापना में संत रविदास का विशेष योगदान- मौसम

## विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मौसम चौधरी ने किया सम्बोधन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्रद्धेय रविदास की जयंती के अवसर पर रविवार को विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी शामिल हुए। कांशीराम आवास विकास कॉलोनी, बैराज रोड, रविदास धर्मशाला, देवीदासवाला, रविदास आश्रम, मोहिउद्दीनपुर, दौलतपुर, इटावा, गुरु रविदास एवं गणेश धाम मन्दिर, लडापुरा, संत गुरु रविदास उत्थान समिति, खारी, गुरु रविदास मन्दिर नई बस्ती, बुखारा व बल्दिया में आयोजित हुए भव्य आयोजनों में भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस दौरान ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि परमज्ञानी, संत शिरोमणि, सामाजिक परिवर्तन के महानायक संत सतगुरु रविदास महाराज के प्रेरक विचारों ने भेदभाव मुक्त समाज की स्थापना में अहम योगदान दिया।



एश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि सद्भाव, स्नेह और सेवा के माध्यम से लोक कल्याण के प्रति समर्पण के संदेश से समाज को नई दिशा प्रदान करने वाले संत शिरोमणि रविदास के विचारों को हम सभी को आत्मसात करना है। भेदभाव मुक्त समतामूलक समाज के प्रति सतगुरु रविदास महाराज के विचार युगों-युगों तक मानव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रमों में मनोज अहलावत मंडल अध्यक्ष, बिजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख हल्दौर, अंकुर गौतम नगर अध्यक्ष भाजपा, पुष्पराज कमल मंडल अध्यक्ष भाजपा, मनदीप चौधरी महामंत्री भाजपा नगर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# विवेक सेन ने की कई कार्यक्रमों में भागीदारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं व झांकियां निकाली गईं। अखाड़े में लोगों ने हैरत अंगेज करतब दिखाये। संस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन भी अपने समर्थकों के साथ धामपुर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचे और रविदास जयंती कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विवेक सेन ने संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास का संदेश आज भी सभी समाज को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने लोगों से संत रविदास के बताये हुए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि सब लोग सभी के धर्म का सम्मान करें और एक-दूसरे का त्यौहार मिल-जुलकर मनायें।



# गौरक्षा दल को सशक्त बनाने पर बल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किरतपुर में राष्ट्रीय गौरक्षा दल द्वारा एक महत्वपूर्ण नियुक्ति बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी उपस्थित रहे। उनके साथ आदित्य उपाध्याय (जिला प्रमुख), आयुष चौधरी (जिला संगठन मंत्री) एवं मयंक उपाध्याय (जिला प्रभारी) भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी ने संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं दायित्वों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। यह बैठक किरतपुर के नगर अध्यक्ष अभिषेक के निवास स्थान पर आयोजित की गई, जिसमें संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कुछ नये कार्यकर्ताओं की नियुक्ति भी की गई।



# शाहपुर सुक्खा में निकली संत रविदास की शोभायात्रा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रविवार को रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सभी ग्रामीणों ने अपने-अपने गांव में शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। इस अवसर पर कल ग्राम शाहपुर सुक्खा में निकाली शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद किरतपुर के वरिष्ठ सभासद व समाजसेवी अखिलेश कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के आदर्शों पर चलना चाहिए, उनसे हमें सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर रविदास कमेटी अध्यक्ष बृजपाल सिंह, कपिल कुमार,रणजीत सिंह, अर्जुन सिंह, वीर सिंह, जितेंद्र, सुरेंद्र कुमार, अमन, मास्टर प्रमोद कुमार, विकास कुमार आढ़ती, डॉ. निक्की भारती, गौतम सिंह पत्रकार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शेरकोट में आकर्षक झांकियों के साथ निकली संत रविदास शोभायात्रा



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक मो. ग़ाज़ी।



शोभायात्रा में शामिल झांकी।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नगर में परम्परागत ढंग से अखाड़े और झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

रविवार को नगर के मोहल्ला फतेहनगर स्थित अंबेडकर धर्मशाला में संत शिरोमणि गुरु रविदास समिति के बैनर तले हवन-पूजन का आयोजन कर प्रसाद बांटा। इसके उपरांत पूर्व विधायक मौ. गाज़ी ने फीता काटकर शोभायात्रा का उद्घाटन किया। दोपहर दो बजे अखाड़े और मनमोहक झांकियों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा परंपरागत मार्गों से होती हुई मुख्य बाजार पहुंची तथा टैंपो स्टैंड से होकर रात आठ बजे अंबेडकर धर्मशाला पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल शंकर पार्वती, कृष्ण सुदामा, रविदास, राधा कृष्ण, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आदि की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के साथ चल रहे अखाड़े में खलीफा रामकुंवर व पिंटू सिंह के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। शोभायात्रा में युवा डीजे पर नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा की व्यवस्था बनाने में सिकंदर सिंह रवि, सुशील कुमार बिट्ठू, गजपति सिंह, तुलाराम सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार, वेदराम सिंह, टीकम सिंह,भवन सिंह, राजूसिंह, जंग बहादुर, चमन सिंह, दिलेश कुमार, अनुराग सिंह, बलराम सिंह आदि का मुख्य सहयोग रहा। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त नगर के मौहल्ला समना सराय में रणजीत सिंह दारा के नेतृत्व, मौहल्ला निकम्माशाह, ग्राम धुराडा, नूरपुर छीबरी, मंधोरा, नयागांव, हादकपुर, बालकिशनपुर, मिर्जापुर, भिक्कावाला पालकी, हवन आदि कार्यक्रमों का आयोजित किये गये।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया संत गुरु रविदास का जन्मोत्सव

## हवन-यज्ञ, पूजा-पाठ और भण्डारा हुआ, शोभायात्रा निकली

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम नगला नैंसी एवं नगली लाइडन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 649वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ कर श्रद्धा भाव से पूजा पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में ब्रह्मपाल सिंह पूर्व मंडल प्रभारी बहुजन समाज पार्टी बिजनौर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने जीवन पर्यंत वर्ण व्यवस्था, जाति पांति, छुआछूत, मिथ्याडम्बर, रूढ़िवादी परंपराओं, कुरीतियों का घोर विरोध किया। गुरु रविदास जी एक महान समाज सुधारक थे। वह समाज में व्याप्त घोर अंधविश्वास, कुप्रथाओं व अन्याय, अत्याचार व गैर बराबरी के विरुद्ध लड़ते रहे। उन्होंने भक्ति आंदोलन में अपनी रचनाओं और भजनों से एकता व भाईचारे का सन्देश दिया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने कहा था कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्न। छोटे, बड़े सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न।



रविदास जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन करते हुए ब्रह्मपाल सिंह ।

इस अवसर पर दोपहर बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें संत रविदास जी की भव्य झांकियों के साथ अखाड़े में कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा का गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए धर्मशाला पर पहुंचकर समापन किया गया।

### इनका रहा योगदान

ग्राम नैंनसीवाला में छोटे सिंह अखाड़े के खलीफा, कन्हैया सिंह, राकेश कुमार सेक्टर अध्यक्ष, सुशील कुमार, ब्रह्मजीत, पुखराज सिंह, शेर सिंह, नरोत्तम प्रधान का तथा नंगली लाडन में गजेंद्र सिंह, नरेश गौतम पूर्व प्रधान, कृपाल सिंह, तेजपाल सिंह, अंकित कुमार, मदन सिंह, नरेश कुमार, सतपाल का तथा नौरंगाबाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें संतराम अध्यक्ष, अक्षय कुमार उपाध्यक्ष, चंद्रपाल सिंह कोषाध्यक्ष, फूल सिंह उपकोषाध्यक्ष, रविंद्र कुमार सचिव का योगदान रहा।

# केंद्रीय बजट से उत्तराखंड को निराशा- त्रिभुवन फर्त्याल

**नैनीताल ( चिंगारी )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिभुवन फर्त्याल ने कहा स्वतंत्र भारत के इतिहास में प्रथम बार दिन रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा 9वीं बार पेश केंद्रीय बजट उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के परिप्रेक्ष्य में कई मामलों में निराशाजनक रहा। आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तराखंड राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आम जनमानस ने बहुत अधिक उम्मीद लगा रखी थी किंतु निराशा हाथ लगी। उत्तराखंड राज्य जो कि लगभग 70 प्रतिशत वनाच्छादित होने के चलते पूरे उत्तर भारत का 'आक्सीजन सिलेंडर' के साथ ही साथ वर्षभर लगभग 94000 करोड़ के मूल्य की वन आधारित सेवा राष्ट्र को प्रदत्त करता है, लेकिन बहुप्रतिक्षित मांग ग्रीन बोनस जोकि प्रदेश वासियों का अधिकार है के नाम पर निराशा हाथ लगी।



# सेवानिवृति पर दी भावभीनी विदाई



सेवानिवृत अकाउंटेंट अजय वीर सिंह सेठजी को विदाई देते हुए गन्ना समिति के सभापति।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में ग्राम जैतरा निवासी अजय वीर सिंह सेठ जी और गन्ना समिति अफजलगढ़ के कर्मचारी महेश सिंह को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड धामपुर के सभापति रामवीर सिंह, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, डायरेक्टर राजीव कुमार, डायरेक्टर राहुल कुमार, ग्राम अमखेड़ा के प्रधान पति दीपक कुमार, डायरेक्टर कृष्ण कुमार, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, धर्मेंद्र कुमार आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति किसानों की संस्था है जहां खेती और किसानी से जुड़े हुए जनप्रतिनिधि पहुंचते हैं, जो कर्मचारी के साथ मिलकर खेती और किसानों के हित में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल में किसानों के हित में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया है।

# अधिवक्ताओं के चैम्बर का उद्घाटन

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील में कु. सना परवीन एडवोकेट तथा मोहम्मद साहिल एडवोकेट द्वारा स्थापित चेंबर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कु. सना परवीन एडवोकेट तथा मोहम्मद साहिल एडवोकेट द्वारा वर्ष 2025 में अखिल भारतीय बार कार्उसिल नई दिल्ली के द्वारा आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सब रजिस्टार धामपुर चंद्र रेनू विक्रम, बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, नवाब शहजादा परवेज एडवोकेट, भीम सिंह एडवोकेट, श्रीमती सुमन लता एडवोकेट, हाजी एडवोकेट सिकंदर नमन एडवोकेट, सुरेंद्र पाल सिंह नोटरी एडवोकेट, जयप्रकाश एडवोकेट, शाहिद अली एडवोकेट, विनोद राजपूत एडवोकेट, हसन खान एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



चेंबर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट।

# पुष्प निकेतन स्कूल को मिला 'ग्रीन स्कूल' का दर्जा

## दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मिला प्रमाण-पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुष्प निकेतन स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब विद्यालय को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा ग्रीन स्कूल का दर्जा एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ। विशेष उपलब्धि यह रही कि देशभर से प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों में पुष्प निकेतन स्कूल उन शीर्ष पांच प्रतिशत विद्यालयों में शामिल रहा, जिन्हें हरे रंग का सर्वोच्च दर्जा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष विद्यालय को पीले रंग का दर्जा प्राप्त हुआ था, किंतु इस वर्ष एक कदम आगे बढ़ाते हुए विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण और धारणीय विकास के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की। विद्यालय की ओर से विज्ञान विभागाध्यक्ष हिमांशी चौहान, कक्षा 9 की छात्रा माही गोयल तथा छात्र अथर्व श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। यह सम्मान समारोह 30 जनवरी 2026, शुक्रवार को स्टीन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। जहां विद्यालय को सीएसई की निदेशक सुनीता नारायण द्वारा राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने कहा कि वर्तमान और भविष्य ग्रीन एनर्जी का है।

# 'आरएसएस चला गांव की ओर' के अन्तर्गत ग्राम बुआपुर नत्थू में हुआ हिंदू सम्मेलन

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संगठन की विचारधारा को पहुंचाया जा रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए धामपुर क्षेत्र के ग्राम बुआपुर नत्थू में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल हुये। सम्मेलन में महामंडलेश्वर देव स्वरूपानंद सरस्वती महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास विकास पर प्रकाश डाला वहीं महामंडलेश्वर ने हिंदू समाज की संगठित शक्ति पर बल दिया। सम्मेलन में संघ के विभाग शारीरिक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, सौरभ ठाकुर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौहान, दयाशंकर राणा, सुनील कुमार, चरन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कौशल दीप, विपिन कुमार जिला कार्यवाह, कमल वीर, अनिल राठी, रक्षपाल सिंह, परविंदर कुमार, पीयूष, आकाश, रोहताश सिंह, सुधीर कुमार, प्रदीप कुमार, कृपाल सिंह, हरपाल सिंह, उत्तम प्रधान, अजय पाल प्रधान, राजपाल प्रधान, शुभम राजपूत शाहिद अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन स्थल पर हिंदू समाज के विभिन्न महापुरुषों के चित्र लगाए गए थे।



हिंदू सम्मेलन में मौजूद ग्रामीण।

# 11 फरवरी को जैतरा में होगा हिंदू सम्मेलन

**धामपुर ( चिंगारी )।** विकासखंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत जैतरा में 11 फरवरी, बुधवार को अमखेड़ा मार्ग स्थित राज फार्म हाउस में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार व सचिव अनिल कुमार ने बताया कि सम्मेलन में शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वरम जी महाराज तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय संपर्क प्रमुख वेदपाल आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे बड़ा शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहां 9:30 बजे दीप प्रज्वलित, 10 बजे गणेश वंदना, 10:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व 11 बजे उद्बोधन होगा।

# लटके हुए थे तार, डीएम ने लगाई फटकार

नगीना ( चिंगारी )। तहसील क्षेत्र में रविदास जयंती के अवसर पर निकल रही विभिन्न शोभायात्राओं के मार्गों का निरीक्षण करने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नगीना पहुंचे। जिलाधिकारी ने गांधी मूर्ति तिराहे के पास लटक रहे बिजली के तारों को देखकर नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा रविवार की दोपहर करीब दो बजे नगीना में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचे, वहां से उन्होंने गांधी मूर्ति तिराहे तक पैदल मार्च किया तथा शोभायात्रा के मार्गों के बारे में एसडीएम विजय शंकर व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी से जानकारी हासिल की। उन्होंने तहसील क्षेत्र में निकलने वाली सभी शोभायात्राओं को समय से व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पूरी मुस्तैदी से उसमें मौजूद रहने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने पंजाबी कॉलोनी के सामने मार्ग पर बिजली के लटक रहे तारों को देखकर कड़ी नाराजगी जताई। बाद में एसडीएम विजय शंकर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर 24 घंटे के भीतर नगीना नगर के अंदर प्रमुख मार्ग पर लटक रहे बिजली के तारों को ऊपर करने के स्पष्ट व कड़े निर्देश दिये। इस दौरान थाना अध्यक्ष अवनीत मान भी मौजूद रहे।



शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# संत रविदास की शोभायात्रा में शामिल झांकियां रहीं आकर्षण का केन्द्र


शोभायात्रा में शामिल डाक्टर मनोज वर्मा व अन्य

स्योहारा ( चिंगारी )। संत रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर कल नगर में शोभायात्रा निकाली गयी, जो मोहल्ला गूंगी सराय से रोडवेज बस स्टैण्ड, हाजी इलियास चौराहा, मिल तिराहा, आरएसपी रोड, ठाकुर मंदिर, रियासत, सब्जी मंडी, शिवाजी मार्केट, जुमरात का बाजार, थाना चौराहा आदि होते वापस गूंगी सराय में पहुंची। संत रविदास के जीवन को उकेरती हुई मनमोहक झांकियां, बैंड, ढोल नगाड़े, डीजे के साथ युवकों की टोलियां शोभायात्रा में शामिल रहीं। कार्यक्रम में समाजसेवी डा.मनोज वर्मा, बसपा मंडल संयोजक आदिल चौधरी, चौधरी फहीमुर्रहमान, नासिर चौधरी, नज़ीबुलहसन, राजेंद्र सिंह सहित कई लोगों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा.मनोज कुमार वर्मा ने संत गुरु रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नैयर चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, सभासद यूसुफ़ चौधरी, फैसल इंजीनियर, नीटू जोशी, आयन जावेद, विजयपाल सिंह, वीर सिंह, महिपाल सिंह, विकास कुमार उर्फ मोनू, विनय कुमार, नरेश कुमार, वीर सिंह, जोगेन्द्र सिंह, सतपाल सिंह, अमित कुमार, गौतम सिंह, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह फ़ोर्स के साथ मौजूद रहे।

## कुरी हाउस पर हुआ भव्य स्वागत

**शोभायात्रा का कुरी हाउस पर भव्य स्वागत हुआ और सभी को जलपान कराया गया। चौधरी फहीम उर रहमान ने कहा कि आपसी सौहार्द ही नगर की पहचान है, कोई भी त्यौहार हो, हमें साथ-साथ मनाना चाहिए। इस दौरान चौधरी फहीमुर्रहमान, चौधरी बलीउर्रहमान, नासिर चौधरी, नय्यर चौधरी, डा. राजबहादुर शर्मा, राजवीर सिंह त्यागी आदि मौजूद रहे।**

# दहेज हत्या की आरोपी गिरफ्तार, अन्य आरोपी फ़रार

बिजनौर ( चिंगारी )। मंडावर क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने के गंभीर आरोप में पुलिस ने एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार 31 जनवरी 2026 को थाना मंडावर में एक व्यक्ति द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर शिकायत दर्ज करायी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ग्राम मोहम्मदपुर देवमल, थाना मंडावर ने उसकी पुत्री से दहेज में अतिरिक्त 5 लाख रुपये की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर आरोपियों द्वारा विवाहिता की हत्या कर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना मंडावर में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान थाना मंडावर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त रेखा पत्नी मुनु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शेष वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र मुन्नू, भूरे पुत्र मुन्नू, मुन्नू पुत्र छोटे तथा रेखा पत्नी मुन्नू निवासी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।



# सक्षम ने कराया दिव्यांग टी-20 क्रिकेट महामुकाबला

## 29 रनों से जीता बिजनौर जिला

बिजनौर ( चिंगारी )। सक्षम बिजनौर के तत्वावधान में वर्धमान कॉलेज के मैदान में 'दिव्यांग टी-20 क्रिकेट महामुकाबला' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सक्षम का जिला अधिवेशन भी आयोजित हुआ। क्रिकेट मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने भारत माता, संत सूरदास जी और अष्टावक्र जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। रोमांचक मुकाबला 'शेष उत्तर प्रदेश' और 'बिजनौर' की दिव्यांग क्रिकेट टीमों के बीच खेला गया।

भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस आयोजन के सह-आयोजक वर्धमान क्रिकेट अकादमी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, बिजनौर जिला दिव्यांग क्रिकेट संघ और सूर्या स्पोर्ट्स रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान सक्षम मेरठ प्रांत के पूर्णकालिक कार्यकर्ता आशुतोष ने सक्षम संस्था के उद्देश्यों और कार्यों की जानकारी दी। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर दिव्यांग टीम ने 20 ओवर में 106 रन बनाए। योगेश कुमार ने 17, मनीष चौहान व शाहने आलम ने 14-14, वसीम ने 11 और अनवर अली ने नाबाद 10 रन बनाए। शेष उत्तर प्रदेश की ओर से उज्ज्वल, अक्षांश, तन्मय और शुभम ने दो-दो तथा कप्तान चिंटू ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेष उत्तर प्रदेश टीम 16.3 ओवर में 77 रन पर सिमट गई। उज्ज्वल ने 32 और कप्तान चिंटू ने 24 रन बनाए। बिजनौर की ओर से अनवर अली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि गुरुदेव सिंह ने 3 विकेट चटकाए। इस प्रकार बिजनौर टीम ने 29 रनों से मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार संयुक्त रूप से अनवर अली और उज्ज्वल को दिया गया। मैच में अंपायर गुलफाम अहमद और मोहम्मद मोहसिन रहे, जबकि स्कोरर अनामिका सिंह और वर्णिका सिंह रहीं। कमेंट्री की भूमिका अहमद गयास ने निभाई। मैच के समापन पर जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह तथा सक्षम के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों को ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज भारद्वाज ने किया।

सक्षम जिला सचिव डॉ. अमित नारायण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देती रहेगी। सक्षम के जिला संरक्षक एम.एल. भारद्वाज ने दोनों टीमों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. कामेंद्र सिंह, वर्धमान कॉलेज की प्राचार्या, कोच मोहसिन, बीसीए सलाहकार अमित श्रीवास्तव, खेल विभागाध्यक्ष डॉ. जयदीप शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सक्षम संस्था की ओर से जिला कोषाध्यक्ष राजीव, जिला उपाध्यक्ष पुनीत, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव, सचिव अमित श्रीवास्तव, राजवीर सिंह, विजय शर्मा, अजय जैन, गयासुद्दीन आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में लगभग 210 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 60 दिव्यांगजन शामिल रहे।



# किसानों की मूल चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया गया



1 फरवरी 2026 को केंद्रीय बजट पेश किया गया, और पूरे देश की तरह किसान वर्ग में भी इस बजट को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं। किसान चाहते थे कि इस बजट में उनकी आय, कृषि खर्च और खेती की लागत के बोझ को कम करने के लिये ठोस कदम उठाये जाने। विशेष रूप से, किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में वृद्धि, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी का विस्तार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तक पहुंच की गारंटी और खरीद प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व फायदेमंद बनाया जायेगा- ऐसी अपेक्षाएं थीं।

किसानों को उम्मीद थी कि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाई जायेगी ताकि खेती की बढ़ती लागत से निपटा जा सके,

कृषि यंत्रों और मशीनरी पर सब्सिडी बढ़ाकर उन्हें सस्ता उपलब्ध कराया जाये, MSP के दायरे में और अधिक फसलों को शामिल करने तथा उसकी कड़ी गारंटी सुनिश्चित करने के लिये बजट में स्पष्ट प्रावधान किया जायेगा, ऐसी आशा थी जिस तरह से नारियल, काजू, चंदन आदि विशिष्ट फसलों के लिये योजनाओं का उल्लेख किया गया है और किसान उत्पादकता बढ़ाने तथा डिजिटल कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की दिशा में तकनीकी तथा प्रोत्साहन आधारित कदम की योजना बनी है, वह सकारात्मक है, पर सीधी आर्थिक राहत के संकेत कम दिखते हैं। बजट में एक नई पहल भी पेश की गयी है—'भारत विस्तार' नामक बहुभाषी AI आधारित कृषि सहायता प्रणाली, जो किसानों को आधुनिक तकनीक और कृषि संसाधनों से जोड़ने के लिये तैयार की गयी है। इससे कृषि का डिजिटलरण तेज होने की उम्मीद है और किसानों को बेहतर जानकारी तथा उत्पादन संबंधी मार्गदर्शन मिल सकेगा। कुल मिलाकर, इस बजट में कृषि क्षेत्र के लिये तकनीकी, प्रोत्साहन और विविध फसलों के लिये समर्थन की दिशा में प्रयास देखे गए हैं, लेकिन किसानों की मूल चिंताओं—खर्च, MSP गारंटी और सीधी आर्थिक राहत—पर अभी तक स्पष्ट और प्रत्यक्ष निर्णय सामने नहीं आया है।

**–दिगम्बर सिंह**
**प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग**
**भारतीय किसान यूनियन ( अ. )**



# कई संभावनाओं वाला बजट

केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026-27 को सरकार ने आर्थिक विकास, अवसंरचना विस्तार और रोजगार सृजन को केंद्र में रखकर तैयार किया बताया है। बजट का स्वर दीर्घकालिक योजनाओं पर आधारित है, जिसमें भविष्य की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने का प्रयास दिखता है। हालांकि, आम जनता के लिए त्वरित राहत की अपेक्षाएं सीमित रूप से ही पूरी होती नज़र आती हैं।

बजट में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश पर ज़ोर दिया गया है। इसका असर प्राइवेट कर्मचारियों के लिए नये रोजगार अवसरों के रूप में सामने आ सकता है, लेकिन आयकर स्लैब और स्टैंडर्ड डिडक्शन में कोई बड़ा बदलाव न होने से वेतनभोगी मध्यम वर्ग को प्रत्यक्ष टैक्स राहत नहीं मिली है। महंगाई की मौजूदा स्थिति में वास्तविक आय पर दबाव बने रहने की आशंका भी जताई जा रही है।

युवा वर्ग के लिए बजट में कौशल विकास, स्टार्ट-अप, डिजिटल और तकनीकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे रोजगार और स्वरोज़गार के नये अवसर बनने की उम्मीद है, लेकिन सरकारी नौकरियों और स्थायी रोजगार को लेकर किसी बड़ी घोषणा के अभाव में बेरोज़गारी की चिंता पूरी तरह दूर नहीं हो पाई है। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं का बढ़ता खर्च भी युवाओं के लिए चुनौती बना हुआ है।

मज़दूर वर्ग के संदर्भ में बजट का प्रभाव मिश्रित दिखाई देता है। सड़क, रेलवे और निर्माण परियोजनाओं में बढ़े निवेश से असंगठित और निर्माण क्षेत्र के मज़दूरों को काम मिलने की संभावना बढ़ सकती है। इसके बावजूद मज़दूरी दरों में सीधी बढ़ोतरी या महंगाई से राहत देने वाला कोई ठोस प्रावधान न होने से मज़दूर वर्ग की वास्तविक आय पर दबाव बना रह सकता है।

किसानों के लिए बजट में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, भंडारण, कोल्ड स्टोरेज और ग्रामीण विकास योजनाओं पर ज़ोर दिया गया है। इन उपायों से भविष्य में किसानों को बेहतर बाज़ार और मूल्य मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद-बीज, डीज़ल जैसी इनपुट लागत पर त्वरित राहत सीमित रहने से छोटे और सीमांत किसानों की चिंताएं बनी हुई हैं।

व्यापारी वर्ग के लिए सरकार ने कर अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल करने की दिशा में कुछ कदम उठाए हैं, जिससे व्यापार संचालन में सहूलियत बढ़ सकती है। हालांकि, जीएसटी ढांचे में बड़ी राहत न मिलने से छोटे व्यापारियों की नकदी समस्या और कार्यशील पूंजी का दबाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका है।



गृहणियों के लिए बजट में महिला स्वयं सहायता समूहों और घरेलू उद्यमों को प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे उन्हें आय के वैकल्पिक साधन मिल सकते हैं। इसके बावजूद रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में सीधी राहत न मिलने से घरेलू बजट पर दबाव बना रहेगा।

शिक्षा जगत में डिजिटल शिक्षा, कौशल आधारित पाठ्यक्रम और स्कूल-कॉलेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया गया है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता और रोजगारोन्मुखता बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन निजी शिक्षा विद्यालयों, संस्थानों और फीस के मोर्चे पर अभिभावकों को कोई प्रत्यक्ष राहत नहीं मिली है।

दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं के संदर्भ में सरकार ने सप्लाई चेन और परिवहन व्यवस्था सुधारने की बात कही है, जिससे मध्यम अवधि में कीमतों में स्थिरता आने की संभावना है। फिर भी ईंधन और परिवहन लागत के चलते रोज़मर्रा की वस्तुएं तुरंत सस्ती होने के आसार कम दिखाई देते हैं।

कुल मिलाकर आम बजट 2026-27 को विकासोन्मुख और भविष्य की तैयारी वाला बजट कहा जा सकता है, जिसमें संरचनात्मक सुधारों पर अधिक और त्वरित राहत पर कम ध्यान दिया गया है। बजट का वास्तविक लाभ आम जनता तक कितनी जल्दी पहुंचेगा, यह इसके प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा।

**प्रकाश पंकज, हल्दौर**

# भाजपाइयों ने केंद्र सरकार का बजट सुना

## विकसित भारत बनाने के लक्ष्य में एक सशक्त कदम बताया




सरकार का बजट टीवी पर देखते भाजपाई।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद के हॉल में केंद्रीय बजट को सुना। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सितारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया 2026-27 का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक बजट है।

आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने वाला यह बजट भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एम.पी.सिंह, भाजपा नेता सी.पी. सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, मंडल महामन्त्री वीरप्रकाश भुइयार, सुधीर चौहान, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह, राहुल कुमार, हेमेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, जीतू भुईयार, प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सिंह, प्रमोहन चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव,सतीश कुमार, विनोद पीबाल, अंकित जोशी, सुरेन्द्र पाल मुकेश भुइयार, ईशमपाल चौधरी, मंडल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान विरोधी बजट

बीजेपी ने 2014 और 2017 में नारा दिया कि 2022 में किसानों की आमदनी दो गुनी कर किसानों की कर्जमाफी की घोषणा की जाएगी आदि लोक लुभावने वायदे करके सत्ता हासिल की थी, परन्तु अब बीजेपी की किसान विरोधी सोच के आगे देश का किसान और भी ज्यादा कर्ज के बोझ में दब गया, क्योंकि कृषि में उपयोग आने वाली खाद, बीज, दवाई और बिजली के दाम कई गुना बढ़ गये।



परंतु किसानों की फसलों के वाजिब दाम भी घोषित नहीं कर पाती है और जो दाम घोषित करें वो दाम समय पर नहीं मिलता, इसलिए आज किसानों के प्रति बन रही गलत पॉलिसियों से किसान कर्ज में दबकर आत्म हत्या करने पर मजबूर हैं, अगर किसान और किसानी को आगे बढ़ाना है तो किसानों के लिये कर्जमाफी योजना लानी चाहिए और किसानों की फसलों की एमएसपी पर ख़रीद होने के साथ फसलों का भुगतान तुरंत मिले।

## बजट को देखकर लगता है सरकार दिव्यांग विरोधी: पाशा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पिछले कई दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर निर्वाचन आयोग सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर सरकार के पेश किए गए बजट से बेहद आहत हैं। हर बार की तरह एमआर पाशा को पूरी उम्मीद थी कि इस बार सरकार के बजट में दिव्यांगों का बजट जरूर होगा, लेकिन बजट में दिव्यांगों की अनदेखी कर इस सरकार ने भी यह साबित कर दिया है कि यह दिव्यांग विरोधी है। जबकि पूरे भारत में दिव्यांगजनों की संख्या 11 करोड़ से भी अधिक है। सरकार द्वारा पेश किए बजट में धनराशि बहुत ही कम है। दिव्यांगजन को उत्थान के लिए जो धनराशि दिव्यांगजनों को बजट में दी गई है, वह दुगनी होनी चाहिए।



## राहत भरा बजट- शहजाद आलम



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में कई वस्तुओं के दामों में बदलाव की घोषणा की गई है। सरकार द्वारा जारी किए गए बजट पर मुस्लिम इमदादी सोसाइटी (मुस्लिम फंड) के मैनेजिंग डायरेक्टर/ कोषाध्यक्ष एडवोकेट शहजाद आलम का कहना है कि बजट में स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य सुविधा और आम उपभोक्ताओं को राहत देने पर विशेष जोर दिया गया है। निम्न वर्ग और मध्य वर्ग को केंद्र में रखकर कई नीतिगत प्रावधान किए गए हैं, जिससे रोजमर्रा के खर्च पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा और संतुलित बजट है। इसमें निम्न वर्ग व मध्य वर्ग का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। आवश्यक वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवाओं और सोलर उपकरणों को सस्ता करने का निर्णय दूरदर्शी कदम है। इससे आम आदमी को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वर्ग के परिवारों की जरूरतों को समझते हुए राहत देने का प्रयास किया है। गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता करना एक मानवीय और सराहनीय पहल है। इससे जरूरतमंद मरीजों को बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह वर्ष आर्थिक दृष्टि से

# उद्यमियों ने बताया विकासोन्मुखी बजट



इस बजट में कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज के लिए 20,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो कि भारत के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**कुलदीप जैन,** अध्यक्ष
लघु उद्योग भारती, बिजनौर



इस बजट में लगभग सभी सेक्टर के लिए वित्तीय और नीतिगत सहयोग की भी घोषणा की है। पर्सनल इनकम टैक्स में, मुख्यत वरिष्ठ नागरिकों के लिए, जिस तरह की घोषणाओं की अपेक्षा की जा रही थी, उसमें निराशा ही हाथ लगी है। इस बजट में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस पर मुख्य ध्यान रखा गया है।

**–राजेश अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष**
**लघु उद्योग भारती, अरोड़ा मशरुम उद्योग**



विकसित भारत की ओर एक कदम है। ये बजट मध्यम और लघु व्यवसाय के लिये जीवनदायी साबित होगा। एआई से देश की मदद होगी।

**सौरभ माथुर**
**व्यवसायी बिजनौर**

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बजट को जनविरोधी बताया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 की कड़ी आलोचना करते हुए इसे पूरी तरह जनविरोधी और निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता, विशेषकर गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है।



श्रीमती सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह फर्जी है। डेढ़ घंटे से ज्यादा लंबा भाषण दिया गया, लेकिन देश की असली समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं निकला। महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन और आर्थिक संकट से निपटने के लिए इस बजट में कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बजट पेश होने से ठीक पहले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में लगभग 50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे आम आदमी पर और अधिक आर्थिक बोझ पड़ गया है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों पर राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, जबकि महंगाई पहले से ही जनता की कमर तोड़ रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बजट घोषणा के तुरंत बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आना इस बात का प्रमाण है कि यह बजट आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार हर क्षेत्र में नाकाम हो चुकी है।

# आशा की नई किरण, पर व्यवहारिक सुधारों की दरकिनार अभी भी

केंद्रीय बजट 2026-27 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की विकास धुरी के रूप में पर्याप्त स्थान दिया गया है। सरकार द्वारा घोषित विशेष विकास कोष, कार्यशील पूंजी सुदृढ़ीकरण तथा भुगतान तंत्र को पारदर्शी बनाने की पहल निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है। यह संकेत देता है कि नीति-निर्माताओं ने MSME की भूमिका—रोजगार सृजन, निर्यात संवर्धन और स्थानीय उत्पादन वृद्धि- को गंभीरता से स्वीकार किया है। विशेष रूप से 10,000 करोड़ के प्रस्तावित ग्रोथ फंड तथा सरकारी उपक्रमों के साथ लेन-देनों में Trade Receivables Discounting System (TReDS) के उपयोग को बढ़ावा देने जैसे कदम MSME के नकदी प्रवाह को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। इससे भुगतान में देरी की समस्या पर अंकुश लगेगा और छोटे उद्योगों को समय पर पूंजी उपलब्ध हो सकेगी। किन्तु, यह भी उतना ही सत्य है कि केवल कोष की घोषणा पर्याप्त नहीं होती। वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है, जब नीतियों का क्रियान्वयन सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक हो।

### 1. फंड का त्वरित और पारदर्शी वितरण

घोषित कोष का लाभ जमीनी स्तर तक समयबद्ध और समान रूप से पहुंचना चाहिए। यदि प्रक्रिया जटिल या विलंबित होगी, तो छोटे उद्यमी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आवेदन, स्वीकृति और वितरण की प्रणाली डिजिटल, पारदर्शी और उत्तरदायी होनी चाहिए।

### 2. बैंक ऋण प्रक्रिया सरल और जवाबदेह बने

MSME को बैंक ऋण प्राप्त करने में प्राय: दस्तावेजी जटिलताओं और विलंब का सामना करना पड़ता है। आवश्यक है कि बैंकिंग प्रणाली में प्रक्रियाएं सरल हों, निर्णय समयबद्ध हों और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

### 3. जीएसटी अनुपालन बोझ कम किया जाए

Goods and Services Ta& (GST) व्यवस्था ने कर प्रणाली को एकरूप अवश्य बनाया है, परन्तु छोटे उद्यमों के लिए रिटर्न फाइलिंग, ई-वे बिल, रिफंड और अनुपालन की जटिलताएं अब भी चुनौती हैं। अनुपालन बोझ कम करना और रिफंड प्रक्रिया को त्वरित बनाना अत्यंत आवश्यक है।

### 4. क्रेडिट गारंटी योजनाओं का प्रभावी विस्तार

MSME वित्तपोषण में Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किन्तु इस योजना को अधिक व्यवहारिक और उद्योग-अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। CGTMSE की प्रक्रियाएं सरल और शुल्क संरचना युक्तिसंगत हो। छोटे उद्योगों को वास्तविक लाभ सुनिश्चित किया जाए सिक्योरिटी-फ्री ऋण योजनाओं में अनावश्यक शुल्क भार समाप्त हो। विशेष रूप से Pradhan Mantri Mudra Yojana (मुद्रा योजना) जैसी सिक्योरिटी-फ्री ऋण योजनाओं में CGTMSE चार्जेज लगाए जाने की असंगतियों को समाप्त करने के स्पष्ट प्रावधान अपेक्षित हैं। यदि सरकार वास्तव में बिना गारंटी ऋण को बढ़ावा देना चाहती है, तो ऐसे अतिरिक्त शुल्क छोटे उद्यमियों पर आर्थिक बोझ नहीं बनने चाहिए। कुल मिला कर बजट 2026-27 ने MSME क्षेत्र को नीति-प्राथमिकता में उचित स्थान दिया है, जो सराहनीय है। परंतु केवल वित्तीय आवंटन पर्याप्त नहीं—व्यवहारिक सुधार, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, CGTMSE को अधिक व्यावहारिक बनाना, अनावश्यक शुल्क समाप्त करना तथा प्रभावी क्रियान्वयन ही MSME को वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि नीतियां केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि MSME के प्रत्येक उद्यमी तक सरलता और पारदर्शिता के साथ पहुंचे, तभी आत्मनिर्भर भारत और सशक्त औद्योगिक भारत का लक्ष्य साकार हो सकेगा।



**–विकास कुमार अग्रवाल**
डिवीजनल चेयरमैन,



## इस बार का सरकार का बजट सामान्य: कपिल सर्राफ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट सरकार का सामान्य रहा है। इस बजट में अच्छाई यह है कि छोट किसानों की आमदनी पर जोर दिया गया है, उन्हें उद्यमी बनाने का मन है तथा बुजुर्गों की देखभाल सरकार करेगी। बजट में जूते, बैटरी व दवाओं को सस्ता करने का कदम सराहनीय है। हाईस्पीड रेल कॉरिडोर व जलमार्ग बनेगे यह भी अच्छा है। शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी पर खर्चा करना अच्छी बात है। मगर बजट में मीडिल क्लास को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई है। उसका ख्याल रखना भी जरूरी था। कुल मिलाकर बजट सामान्य है।

## जीएसटी सरलीकरण से व्यापारी को राहत मिलेगी: संजीव अग्रवाल



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा है कि इस बार के बजट में जीएसटी के सरलीकरण से व्यापारियों को राहत मिलेगी, व्यापारी को कारोबार करने में आसानी होगी। शराब, पान मसाला व सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाया गया है। किसी प्रकार का नया टैक्स नहीं लगाया गया है। कैंसर की बीमारी की दवाई को सस्ता किया गया है। कुल मिलाकर बजट अच्छा है।



## इंडस्ट्रीज को कोई फायदा नहीं

एमएसएमई के बढ़ावे के लिए सरकार ने क्रेडिट स्कीम का दायरा बढ़ाया है आसान बैंक फाइनेंस, तेजी से अप्रूवल, आदि लेकिन अब तक ऐसा देखने में नहीं आया कि ये सब हो गए हैं, बैंक बिना कॉलेट्रल के लोन देना और परेशान किये बिना काम करना, सर्विस चार्ज या ब्याज में छूट देना ये सब दिखावा मात्र है, पूर्व में कई प्रस्ताव बैंक द्वारा इग्नोर कर दिए गए, जिसमें एक बिजनौर में सीएनजी प्लांट लगाने के लये बैंक द्वारा प्रस्ताव को कई महीने घुमाने के बाद मना कर दिया, अभी कुछ प्रस्ताव है हमारी एसोसिएशन आई आई इ के पास देखते हैं बैंक क्या मदद करती है, बाकी एक्सपोर्ट के लये बढ़ावे की बात है उसको भी देखते हैं क्या होगा, अभी तो बिजनौर में सीएफसी लगाई थी, वो शुरू नहीं हुई। करोड़ो रुपए अटके हैं सब योजना कागजों में ही रह गई और पैसा खर्च भी हो गया है। इंडस्ट्रीज को कोई फायदा होता दिखाई नहीं दे रहा।

**–दीपक कुमार अग्रवाल**
**सचिव,इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिजनौर**

## नहटौर विधानसभा क्षेत्र में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई रविदास जयंती

# विधायक ओम कुमार और उनकी पत्नी ने सैकड़ों कार्यक्रमों में की सहभागिता





**नहटौर ( चिंगारी )। नहटौर विधानसभा क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरू रविदास की 649वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। विधायक ओम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा रानी ( जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी ) एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की।**

इस दौरान ग्राम बल्दिया, अम्हेड़ा, कुम्हारपुरा, सिंकरी भोगपुर, कुंडा बगैन, ढक्का कर्मचंद, मिलक मुकीमपुर, मंजूपुरा, बसेड़ा खुर्द, हल्दौर के मोहल्ला जमनावाला, आल्हावाला, खेड़ा, भूड़ रुस्तमपुर, महमूदपुर भिक्का, गिलाड़ी, बच्चोवाला, नारगदी, ककराला, महुआ, सुनपता, मानकपुर, पाली जट, नारायणपुर, भटियाना, खेतापुर, खुशहालपुर, दरबारपुर, फूलसंदा खाकम, सादिकाबाद, हसनपुर जट, बिलाई, डल्लू धनौरा, गोपालपुर, सराय काजियां, फाजलपुर मंडोरी, खदाना, चौराहा, मिलक गंगोडा, चंदा नंगली, उग्रवाला, लठमार मिलक, तुराबनगर नंगला, मुकरमपुर, नांगल जट, हल्दौर के मोहल्ला



होलीवाला, मोहल्ला पहाड़, मोहल्ला गढ़ी सहित अनेक गांवों में स्थित गुरु रविदास धर्मशालाओं में पहुंचकर गुरु रविदास जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया।

विधायक ओम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का मार्ग दिखाया। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में समरसता और सद्भाव को मजबूत करना चाहिए। इस दौरान विधायक ओम कुमार ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब भी दिखाये। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा बिजनौर श्रीमती मोनिका यादव, डॉ. उर्मिला पाल, हरिओम प्रधान जी, विष्णु कुमार, नरेश कुमार प्रधान जी, रामकुमार प्रधान जी, पीयूष चौहान (मंडल अध्यक्ष भाजपा हल्दौर), दर्पण रावल (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा), चमन दहिया, कुणाल चांग, राजीव अहलावत, डॉ. शोभित चौधरी, जसवंत सिंह आदि विधायक जी के साथ रहे।

# हिन्दू समाज अपने बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक करे - चेतनानंद





## किरतपुर में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के आर के गार्डन में कल हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति किरतपुर के तत्वावधान में नगर की महाजन बस्ती व बालाजी बस्ती का संयुक्त विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के हिन्दू समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन, संघ की शताब्दी यात्रा, पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, पर्यावरण संतुलन तथा राष्ट्रनिर्माण में हिन्दू समाज की भूमिका पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। भीष्म आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले) व सामाजिक कार्यकर्ता मगन सिंह रहे तथा संचालन ऋषभ सिंघल ने किया। वक्ता दीप्तिमान जी (जिला प्रचारक आरएसएस) ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यक्ति व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से संघ की स्थापना हुई। हिन्दू समाज के संगठन, समाज की सर्वांगीण उन्नति हेतु 1925 में नागपुर से प्रारम्भ हुआ संघ 100 वर्षों में वटवृक्ष बनने तक की यात्रा को विस्तार से बताया। वक्ता यशपाल जी (जिला बौद्धिक प्रमुख) ने संघ के आगामी लक्ष्य को रखते हुए पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषय को रखा कहा कि भारतीय परिवार व्यवस्था समाज की सबसे मजबूत इकाई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यति चेतनानंद सरस्वती जी (महंत, शिव शक्ति धाम डासना) ने हिन्दू समाज के गिरते मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहास में हिन्दू समाज के आपसी मन मुटाव, भेदभाव के कारण हमने अपने समाज के साथ जो बर्बरता होने दी उसे हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए तथा अपने बच्चो को बताकर उससे हमेशा सीख लेकर भविष्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज को अपने बच्चो को धर्म के प्रति जागरूक करना चाहिए जिससे संस्कृति को बचाएं रखा जा सके। कार्यक्रम में निश्चय व शांतनु ने देश भक्ति के गीत, परी ने नृत्य, छोटे बच्चो ने कत्थक, अंजलि गोयल ने स्वरचित हिन्दू धर्म पर मार्मिक कविता का पाठ किया। निकुंज ने दंड व तलवार का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से राजेश वर्मा, अनिल जैन, सुनील अग्रवाल, मंजीत गहलोत, आदेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, आकाशदीप गोयल, अतुल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, विपिन शर्मा, अनिल शर्मा, हेमद्र राजपूत, शिखर साहनी, अवनीश कुमार, सचिन अग्रवाल, शिखा पाराशर, ऋतु अग्रवाल, बबीता, अंकुर अग्रवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सभी पदों पर एक-एक नामांकन पर निर्विरोध चुनाव का रास्ता साफ



नई प्रबंध समिति हेतु नामांकन करने वाले पदाधिकारी



ऋषभ प्रताप सिंह।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति के सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होने का रास्ता साफ हो गया है। सभी पदों पर एक-एक नामांकन जमा हुआ है तथा सभी नामांकन पत्र जांच में सही पाये गये हैं।

आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल में रविवार को प्रबंध समिति के चुनाव हेतु नामांकन पत्र जमा किये गये। सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र ही जमा हुआ है। अध्यक्ष पद पर पुनः यशवीर सिंह का, प्रबंधक पद पर पहली बार ऋषभ प्रताप सिंह का, कोषाध्यक्ष पद पर कावेन्द्र सिंह एड. का, उपाध्यक्ष पद पर प्राची चौधरी का, उपप्रबंधक पद पर चौधरी यशवीर सिंह का तथा सदस्य पदों पर जितेन्द्र सिंह, मा. अभयराम सिंह, कुलवीर सिंह, मौ. जाकिर अली, आकाशदीप, लक्ष्मी देवी चौहान और मैनपाल सिंह के नामांकन पत्र जमा हुए हैं। प्रबंधक पद के लिये जिन ऋषभ प्रताप सिंह का नामांकन पत्र दाखिल हुआ है, वे विद्यालय की प्रथम कार्यकारिणी के सदस्य चौ. उम्मेद सिंह के प्रपौत्र, शिक्षाविद स्व. रामपाल सिंह के पौत्र तथा पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड. के पुत्र हैं। विद्यालय की प्रबंध समिति में उनके रूप में परिवार की चौथी पीढ़ी की एंट्री हुई है।

पीठासीन अधिकारी / एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद के प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी ने बताया कि जांच में सभी नामांकन पत्र सही पाये गये हैं।

# सुआवाला में हुआ हिंदू सम्मेलन




**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को क्षेत्र के ग्राम सुआवाला स्थित उत्सव मंडप में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने हिन्दू समाज से जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट रहने और भारतीय संस्कृति व संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत मिलन प्रमुख उदयवीर सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। परिवार स्तर पर बच्चों को भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने पर भी उन्होंने विशेष बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन समाज सेवा और सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से कार्य करता रहा है। साथ ही केदारनाथ त्रासदी के दौरान राहत कार्यों में निभाई गई भूमिका को भी उन्होंने रेखांकित किया। सम्मेलन में जिला बौद्ध प्रमुख हेमेंद्र सिंह, आचार्य शिवांश सिंह, सहसंघ चालक प्रेम कुमार, खंड कार्यवाह गौरव कुमार, जिला सेवा प्रमुख अवधेश कुमार, उदित कुमार, अर्जुन सिंह, संजय कुमार, मनोज कुमार, केके. शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हिन्दुत्व केवल विचार नहीं- बच्चा बर्फानी




**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना के कृष्णा बैंकट हॉल प्रांगण में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज के लोगों से संगठित होने का आव्हान किया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि महंत बच्चा बर्फानी, विभाग संघ चालक महेश, प्रांत सहशारीरिक प्रमुख अनुज, हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज वाल्मीकि, महेंद्र सैनी आदि ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि महंत बच्चा बर्फानी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुत्व केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है, जो समाज को एकता, संस्कार और राष्ट्रभाव में जोड़ती है। उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन आयोजन का उद्देश्य समाज को संगठित रखना, सामाजिक दायित्व का बोध कराना, सांस्कृतिक चेतना को मजबूती देना है। इस मौके पर प्रबोध कुमार एडवोकेट, अनिल एडवोकेट, तहसील प्रचारक नरेश कुमार, संजय वर्मा, कार्यक्रम सचिव ओमकार सिंह, अनिल शर्मा, सम्मी पाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, पंडित सचिन शर्मा, संदीप वाल्मीकि, सभासद कपिल पवार आदि मौजूद रहे।

# प्राचीन काली माता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर पर माघ पूर्णिमा पर विशाल भंडारा कराया गया। भंडारे का आयोजन मंदिर के महंत गोपालदास महाराज की देखरेख में हुआ। मंदिर में सुबह सवेरे संतों द्वारा यज्ञ किया गया, जिसके बाद माता काली को भोग लगाकर भंडारे में संतों को भोजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। महंत गोपालदास ने बताया कि यह स्थान नीलेश्वर महादेव मंदिर हरिद्वार से सम्बद्ध है। यहां पहले महंत त्रिलोकीदास महाराज भंडारा कराते थे उनके स्वर्गलोक गमन के उपरांत उन्हें यहां का महंत बनाया गया है। लगभग 8 वर्षों से वह भी निरंतर गुरू परम्परा को निभा रहे हैं। इस दौरान आलोक अग्रवाल, अरूण चौहान, आशीष माहेश्वरी, मुकेश माहेश्वरी, निशीकांत त्यागी, चंदकांत त्यागी, राहुल मिगलानी, अशोक मिगलानी आदि मौजूद रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुये कार्यक्रम

## युवाओं ने अखाड़ों में हैरतअंगेज करतब दिखाये



**बरुकी ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर गांव बरुकी में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर गांव के मुख्य मार्गों पर भव्य झांकियां निकाली गईं तथा युवाओं ने अखाड़ों में अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए। रविदास जयंती का जुलूस रविदास मंदिर से शुभारंभ होकर गांव के परंपरागत मार्गों से गुजरता हुआ पुन: रविदास मंदिर पर आकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में गुरु रविदास के साथ-साथ शिव-पार्वती, राम-सीता आदि देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र के अन्य गांवों-शादीपुर, पहरुवाला माहेवरी आदि में भी रविदास जयंती के अवसर पर शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्रा में बरुकी प्रधान पति भूपेंद्र पाल, मंटू सिंह, ईश्वर कुमार, रवि किरण, अजीत टीनू, पुष्कर, पंकज कुमार, प्रेम कुमार सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# मोहित चौधरी ने अपने बर्थ-डे पर शॉल, कंबल बांटे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम रसीदपुर गढ़ी निवासी मोहित चौधरी ने अपने 51 वें जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को साड़ी, शॉल एवं कंबल वितरित किये। इस अवसर पर तारावती दक्ष, चौधरी साहिल, राखी चौधरी, अरविंद कुमार, रिंकी चौधरी, हरिगुरंग, पिंटू चौधरी सहित अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे। लोगों ने मोहित चौधरी की इस पहल की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# पशु दौड़ पर रोक लगाने की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पीपुल फॉर एनिमल्स जिला यूनिट प्रभारी वीरेन्द्र राजपूत ने पशुओं की दौड़ व वाहनों में भूसे की तरह से पशुओं को भरे जाने पर रोक लगाये जाने की जिला प्रशासन से मांग की है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेजी गई शिकायत में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि अनेक स्थानों पर भैंसा व बैल दौड़ कराई जाती है, आगे निकलने के लिए पशुओं का उत्पीड़न किया जाता है। पशु दौड़ पर सख्ती के साथ रोक लगाये जाने की मांग की। वहीं वाहनो में पशुओं को भूसे की तरह भरने पर पशु उत्पीड़न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

# श्रद्धापूर्वक मनायी गई गुरू रविदास की जयंती



ग्राम जीतपुर खास में गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अनुयायी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती गांव-गांव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनायी जा रही है। ग्राम जीतपुर खास स्थित रविदास-अंबेडकर धर्मशाला में आज सुबह यज्ञ-हवन का आयोजन कर गुरु रविदास जी एवं बाबा साहेब डा. अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कमेटी अध्यक्ष भूरे सिंह, मंत्री छोटेलाल, कोषाध्यक्ष नन्दकिशोर, राजपाल सिंह, तेजपाल सिंह, ओमराज सिंह, गजे सिंह, सुनील कुमार, टीकम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। दोपहर को धर्मशाला से रविदास जयंती का जुलूस निकलना आरम्भ हुआ। उक्त जुलूस जीतपुर, शहजादपुर, नांगल तथा खानपुर गांवों के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगा और देर शाम को इसी धर्मशाला पर पहुंचकर सम्पन्न होगा। क्षेत्र के अन्य गांवों में भी हवन कर हलुए का प्रसाद वितरित किया गया। कई गांवों में जुलूस निकाले जा रहे हैं। खिलाड़ी अखाड़े के करतब दिखा रहे हैं।

# बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की दोपहर बाइक फिसलने से दो युवक घायल हो गये। दोनों को उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ निवासी अंकित कुमार अपने दोस्त राजकुमार और गौरव के साथ दोपहर बाइक पर सवार होकर ग्राम धुराडा से अपने घर लौट रहे थे। मंधोरा मार्ग पर जब ये ग्राम नाथाडोई के पास पहुंचे तो बाइक कीचड़ के कारण फिसलकर पलट गई, जिससे अंकित और राजकुमार सड़क पर गिरने से घायल हो गये। मौके पर आये राहगीरों ने दोनों घायलों को उठाकर उपचार हेतु एक प्राइवेट अस्पताल में पहुंचा दिया। बताया जाता है कि प्राथमिक उपचार के बाद वहां से अंकित को धामपुर के प्राइवेट अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

# सलम नवाज़ ने शोभायात्रा का स्वागत किया



शोभायात्रा कमेटी के लोगों का स्वागत करते सलम नवाज़।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के नगराध्यक्ष सलम नवाज़ ने अपने साथियों के साथ रविदास जयंती के अवसर पर निकली शोभायात्रा का स्वागत कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। रविवार को नगर में निकली शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होकर जब मुहल्ला कायस्थान स्थिति आसपा नेता सलम नवाज़ के घर के सामने पहुंची तो उन्होंने आयोजक कमेटी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण किया और पुष्प वर्षा व जलपान कराकर यात्रा में शामिल लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से सब धर्मो का सम्मान और आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ाने के काम करने का आह्वान किया। स्वागत करने वालों में सलम नवाज़ के साथ इरशाद अहमद सभासद, मौ. शहजाद, क़मर आलम, विहार अहमद, मौ. इस्माईल आदि काफी लोग शामिल रहे।

# इनरव्हील क्लब ने साइबर क्राइम से स्कूली बच्चों को किया सतर्क

**स्योहारा ( चिंगारी )।** साइबर क्राइम से बचने के लिये पुलिस विद्यालयों में जाकर बच्चों को जागरूक कर रही है। इसमें सामाजिक संस्थाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मुरादाबाद मार्ग स्थित एक विद्यालय में इनरव्हील क्लब द्वारा साइबर क्राइम व बच्चों को डिजिटल दुनिया से दूर रखने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे उपनिरीक्षक यशदीप शर्मा व काजल तेवतिया ने बच्चों को बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करने, किसी को ओटीपी बताने, फेक कॉल या फर्जी कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा करने से बड़ी ठगी का शिकार होना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी समझाया कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से साइबर अपराधी इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों ने अध्यापकों से कहा कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की जाए, बच्चों व अध्यापकों को सभी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस मौके पर क्लब ने बच्चों से डिजिटल दुनिया से संबंधित प्रश्न किये, प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्षा बबीता रस्तौगी, सचिव रजनी भारद्वाज, आईएसओ मानसी गुप्ता, रितिका अग्रवाल, सारिका गर्ग, नीना शर्मा, रेनू अरोरा, नेहा अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# नूरपुर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 649 वें जन्मदिवस पर रविदास प्रेम सभा के तत्वावधान में शनिवार को नगर में भव्य शोभायात्रा बैंड, अखाड़े व धार्मिक झंकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में सिक्ख समाज के अलावा कई स्थानों पर स्वागत किया गया। गुरु रविदास धर्मशाला से शोभायात्रा का शुभारम्भ नहटौर विधायक ओमकुमार,पूर्व मंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया, भाजपा नेता सीपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा में गुरु रविदास जी, मीराबाई, डॉ. बीआर अम्बेडकर, गौतम बुद्ध की झांकियां तथा बैंड, अखाड़ा, कीर्तनी जत्था आदि शामिल रहे।



शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुये अतिथि।

श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। रविदास प्रेम सभा कमेटी की ओर से शिव मन्दिर चौराहे पर कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार,लेखपाल ब्रहमपाल सिंह, खूब सिंह, डेनी, प्रेमपाल सिंह रवि, तेजपाल सिंह, कमल कुमार, नितिन भारती आदि ने नगर के राजनैतिक, सामाजिक व्यक्तियों व पत्रकारों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। शोभायात्रा व्यवस्था में लोकेश कुमार, करन सिंह, काके रवि, निशांत, अनिल कुमार का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह, थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# गुरु रविदास जयन्ती के अवसर पर नगीना में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



नगीना में शोभायात्रा का स्वागत करते भाजपा नेता लवी मित्तल।



शेख शाहनवाज खलील का पगड़ी बांधकर स्वागत करते आयोजक।

**नगीना ( चिंगारी )।** शिरोमणि सन्त श्री गुरु रविदास महासभा के तत्वावधान में गुरु रविदास जयन्ती के अवसर पर नगर में भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में करीब दो दर्जन मनोहारी झांकियां, बैंड व अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने रहे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए शाम को अंबेडकर मूर्ति पर जाकर विचार गोष्ठी में तब्दील हो गई।

रविवार की दोपहर करीब दो बजे मोहल्ला चौधराना स्थित प्राचीन देवता मन्दिर से गुरु रविदास जी की शोभायात्रा मुख्य अतिथि विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अध्यक्ष संजय कुमार, एडवोकेट रविकांत, धर्मेंद्र पारस, मदनपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, अक्षेश पारस, रोहित रवि आदि की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान के साथ शुभारम्भ हुआ। शोभायात्रा में शामिल बैंडबाजों के कलाकार अपनी मधुर सुरीली आवाज से देशभक्ति व धार्मिक गीत सुनाते हुए तथा शोभायात्रा में शामिल अखाड़ों में युवा विभिन्न करतब दिखाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का पालिका के चेयरपर्सन के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा नगर पालिका गेट पर लगाए गए स्वागत शिविर में स्वागत किया गया। वहीं भाजपा नेता लवी मित्तल ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर स्वागत शिविर लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, चेयरपर्सन के पुत्र सेराज खलील, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, सभासद गोपाल शर्मा, बदर मुनीम, मोहम्मद शानू, अफजाल कुरैशी, आसपा नेता आरिफ मलिक, सौरभ मित्तल, बलराम सिंह, लवी मित्तल, साहू कपिल अग्रवाल, सचिन विश्नोई, अमित जैन विक्की, सद्दन ठेकेदार, सद्दीक मुल्तानी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष अवनीत मान भी मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्रगण मोहम्मद हामिद उसकी पत्नी शाहीन, मोहम्मद राशिद उसकी पत्नी नाज़िया व मोहम्मद आसिफ उसकी पत्नी तबस्सुम जिनकी नियत खराब हो गई है। मोहम्मद हामिद व मोहम्मद राशिद अपने बच्चों के साथ काफी समय से महाराष्ट्र में रहते हैं, जबकि मोहम्मद आसिफ बगैर बताए सऊदी अरब चला गया। कोई भी खर्चा नहीं देता, इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-मोहम्मद खालिद पुत्र अब्दुल सत्तार अंसार, निवासी-मौहल्ला मोहम्मद नगर, कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )।**

## एस.पी. कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने काजू फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एस.पी. कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, तिगरी, चांदपुर (बिजनौर) के छात्र-छात्राओं को क्षेत्र के ग्राम धींवरपुरा में स्थित 'विदूरभूमि एग्रो' नामक काजू की फैक्ट्री का एक शैक्षिक टूर कराया गया। स्कूल के संस्थापक मनोज कुमार अग्रवाल व प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि आप जो अपने घर में काजू खाते हैं, उसका कच्चा माल विदेश से यहां लाकर मशीनों की सहायता से कैसे तैयार किया जाता है। विदेश से आने वाले काजू के कच्चे माल को पेड़ों से प्राप्त किया जाता है तथा इसको भारत लाकर फैक्ट्री में मशीनों के द्वारा कई अलग-अलग प्रक्रिया द्वारा काजू को खाये जाने के योग्य बनाया जाता है। छात्रों ने फैक्ट्री का भ्रमण किया और काजू से मिलने वाली सभी जानकारी प्राप्त की। सभी बच्चों ने अंत में फैक्ट्री में तैयार किया हुआ काजू भी खाया व इस टूर का पूरा आनंद उठाया। यह शैक्षिक टूर बच्चों के लिए बहुत लाभदायक रहा व उन्हें इससे काफी ज्ञान मिला।



काजू फैक्ट्री का भ्रमण करते छात्र

## मुस्सेपुर के जंगल में तमंचे के साथ युवक गिरफ़्तार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली पुलिस क्षेत्र में गश्त के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गश्त कर रहे एसएसआई योगेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल जयवीर, कांस्टेबल इमरान को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के मुस्सेपुर के जंगल में एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मुस्सेपुर के जंगल में छानबीन की। युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 32 बोर व तीन जिन्दा कारतूस बरामद किए। आरोपी ने अपना नाम आयुष पुत्र संजय थाना मंडावली बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया।

## पत्रकारों ने खुर्शीद अंसारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

**झालू ( चिंगारी )।** आदर्श प्रेस क्लब झालू की शोकसभा में प्रेस क्लब धामपुर (पंजी.) के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता तथा महासचिव गौरव शर्मा के संचालन में आयोजित शोक सभा में पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार खुर्शीद अंसारी को सरल, सौम्य, मिलनसार स्वभाव का बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवनपर्यंत निर्भीक होकर मिशनरी पत्रकारिता की। प्रेस क्लब धामपुर (पंजी.) के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी की कलम हमेशा दबे, कुचलों, पिछड़ों की आवाज़ बनी रही। उनके निधन से न केवल लोगों के हक़ की आवाज़ उठाने वाला चला गया, बल्कि धामपुर क्षेत्र की पत्रकारिता का पुरोद्धा भी चला गया। वे धामपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहकर युवा पत्रकारों के प्रेरणास्त्रोत बने रहे। आदर्श प्रेस क्लब कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दारुण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार खालिद परवेज़ बिट्टन, तुआसीन कस्सार, अभिषेक अग्रवाल, शेख मो. आदिल, शुभम अग्रवाल, रोहित जोशी, अमित अग्रवाल, दिनेश शर्मा, नरेश शर्मा, राजू अग्रवाल, अनुज कुमार, गौरव अग्रवाल, फहीम अहमद आदि उपस्थित रहे।



फाइल फोटो

## जे.पी. पब्लिक स्कूल के 12वीं के छात्रों को समारोहपूर्वक विदाई दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड, चांदपुर में कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए आयोजित विदाई समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

विद्यालय के प्रबंधक विकास गुप्ता उर्फ रॉकी ने सभी छात्रों को अपने जीवन की नई दिशा की तरफ अग्रसर होने की बात कहते हुए सभी को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की पहचान होते हैं और जहां भी जाएं, अपने विद्यालय की गरिमा को बनाए रखें। मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल का चयन रहा, जिसे मिस यूनिवर्सल प्रतियोगिता की तर्ज पर बड़े ही रोचक एवं गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया, जिसमें मिस्टर फेयरवेल आदित्य सैनी, मिस फेयरवेल जिया चौधरी, उपस्थिति में मिस अलीना, अनुशासन में ईशा अंसारी एवं वर्ष का सबसे सर्वश्रेष्ठ छात्र शान रहे। रैम्प वॉक, प्रश्नोत्तर सत्र और आत्म-परिचय ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# हल्दौर में निकलीं भव्य शोभायात्राएं



हल्दौर (चिंगारी)। नगर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में गाजे-बाजे के साथ मौहल्ला जमनावाला, आल्लावाला व खेड़ा द्वारा भव्य शोभायात्राएं निकाली गई। जिसमें युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखायें। रविवार को नगर के मौहल्ला जमनावाला स्थित धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास कमेटी हल्दौर के तत्वावधान में हवन पूजन के बाद शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक ओम कुमार व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में संत शिरोमणि रविदास, डॉ. भीमराव आंबेडकर, एकलव्य, माता गंगा, भगवान शिव-पार्वती, भारत माता, भारत का संविधान आदि की सुन्दर व आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को आश्चर्यचकित किया। शोभायात्रा में मोनू कुमार सौरभ, आशु कुमार, विकास कुमार, डा.जसराम गौतम, सिद्धार्थ नाथ, रवि कुमार, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, सागर सिंह, शीशराम सिंह, मुन्नू सिंह, विनोद कुमार, धर्मवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, राहुल कुमार आदि शामिल रहें।

# वीएसडी पब्लिक स्कूल में मनाया गया आशीर्वाद दिवस



बिजनौर (चिंगारी)। वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के छात्रों के सम्मान में विदाई पार्टी का आशीर्वाद दिवस के रुप में भव्य एवं अत्यंत भावनात्मक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्मृतियों, अपनापन और कृतज्ञता से भरा रहा, जिसने पूरे विद्यालय परिसर को भाव-विभोर कर दिया। हर चेहरा बीते वर्षों की यादों से जुड़ा था और हर आँख में भविष्य के सपनों की चमक और बिछुड़ने की नमी साफ झलक रही थी। कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की यात्रा को साझा किया और बताया कि कैसे इस विद्यालय ने उन्हें न केवल पढ़ाई, बल्कि जीवन जीने के संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाया। अपने अनुभव सुनाते समय कई छात्र-छात्राएँ भावुक हो गए और अपने प्रिय शिक्षकों को याद करते हुए उनकी आँखें नम हो उठीं। विद्यालय में हर कोई इस भावनात्मक माहौल से अभिभूत नजर आया और शिक्षक भी अपनी भावनाएँ रोक नहीं पाए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी विशिष्टताओं के लिए विशेष उपाधियां दी गई।

# पत्रकार महावीर सिंह व खुर्शीद अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्राम भागूवाला के वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह राजपूत व धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका निधन पत्रकारिता क्षेत्र में एक अपूर्णीय क्षति बताया गया। पत्रकारों ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार मुस्तकीम अहमद, प्रीतम सिंह राठी, मोहित कर्णवाल, देवेंद्र कुमार शर्मा, डॉक्टर ओपी सिंह, अजहरुद्दीन, मोहम्मद अरशद, डॉ. मुसिफुल हक, रईस अहमद, सतीश कुमार वर्मा, नरेश कर्णवाल, विक्रम सिंह के साथ अवधेशानंद पुलिस चैकी इंचार्ज संजय कुमार व क्षेत्र के व्यक्ति मौजूद रहे।

# दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने किया पुष्पवर्षा कर स्वागत



नगीना (चिंगारी)। नगर की समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने परम संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की शोभायात्रा में शामिल लोगों एवं कमेटी के पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा करके व सौंफ-मिश्री का प्रसाद वितरित करके भव्य स्वागत किया। रविवार की दोपहर को मोहल्ला चौधराना देवता मंदिर से विधि विधान से हवन- पूजन करने के उपरांत दर्जनों मनमोहक झांकियों के साथ जब शोभायात्रा सर्राफा बाजार पहुंची। तो वहां पर उपस्थित संस्थान के स्वयंसेवकों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत पुष्प वर्षा व मिश्री- सौंफ का प्रसाद वितरित करके किया। शोभायात्रा में संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा के साथ संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, शरद कंसल, सुनील सैनी एडवोकेट, मनोज आढ़ती,

# रेहड़ व अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में 28 स्थानों पर निकाली गई झांकियां

अफजलगढ़/रेहड़ (चिंगारी)। रविवार को कोतवाली अफजलगढ़ व रेहड़ थाना क्षेत्र में रविदास जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दोनों थाना क्षेत्रों में 28 स्थानों पर झांकियों व अखाड़ों के साथ जुलूस निकाले गए जो सकुशल संपन्न हुए। आकर्षक झांकियों के साथ जुलूस में शामिल अखाड़ों में लोगों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। कई स्थानों पर कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जुलूसों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से दोनों थानों का पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह के मुताबिक अफजलगढ़ क्षेत्र में 17 स्थानों पर एवं थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी के अनुसार रेहड़ क्षेत्र में 11 स्थानों पर रविदास जयंती के जुलूस निकाले गए जो सकुशल संपन्न हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) क्षेत्र में लगातार भ्रमण पर रहे और कानून व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। रविदास धर्मशालाओं अथवा रविदास मंदिरों में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

# बाल विवाह भारत अभियान व सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में शासन के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत सडक सुरक्षा से सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जीवंत आकर्षक व जानकारीपूर्ण पोस्टर के माध्यम से सडक सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर कु0 मानसी व शबनम ने सडक सुरक्षा के सन्दर्भ में अपने भाषण के द्वारा छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। बाल विवाह समाज में व्याप्त ऐसी बुराई है, जो मानवीय अधिकारों का हनन करती है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में बाधक है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने अपने भाषण के माध्यम से बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया। महाविद्यालय निदेशक डॉ0 केसी मठपाल ने छात्राओं को सड़क पर चलते हुए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए पेरित किया तथा महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 मृदुला त्यागी ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन अपनी व दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही उन्होने छात्राओं से बाल विवाह के विरूद्ध दृढ संकल्पित होने का आह्वान भी किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कु0 मानसी व भाषण प्रतियोगिता में कु0 अतिका विजयी रही। कार्यक्रम में शहरीन परवीन, प्रियांशी, शबनम, कामिनी, उनैजा, अफीफा आदि स्वयं सेविकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखाती छात्राएं।

# एक शाम देश के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई द्वारा एक शाम देश के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती (राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम) व मंच संचालन कवि रामवृक्ष बहादुरपुरी (अध्यक्ष श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई) ने किया। गीतकार सुनीलानन्द द्वारा मां सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साहित्यकारों ने देश भक्ति व भारतीय संविधान के गौरव व गरिमा पर एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से तमाम कवि व साहित्यकारों ने भाग लिया। इस मौके पर कवयित्री डॉ. ऋचा शर्मा श्रेष्ठा करनाल (हरियाणा), सुनीलानंद जयपुर राजस्थान, श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी बागपत, डॉ. राजेश तिवारी मक्खन झांसी, विनोद कुमारी शर्मा आनन्द अलवर, डॉ. अम्बे कुमारी बोधगया बिहार, डॉ.सुरेश चतुर्वेदी, सुमनेश राजस्थान, डॉ. सुशीला जोशी कोटा राजस्थान, कवयित्री सुमन वर्मा नजीबाबाद, सपना अग्रवाल मुजफ्फरनगर, सुनीता छाबड़ा गाजियाबाद, संध्या श्रीवास्तव सांझ छतरपुर मध्यप्रदेश, ओमप्रकाश कुन्तल हास्य एवं व्यंग्य कवि लाल बहादुर शास्त्रीनगर, सेवर भरतपुर, तुलाराम निर्वाण अलवर, वीना गोयल, बाल कवि हिमांक गोयल पिलखुवा, प्रवेश अकेला आगरा आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट सं. M3366435 में मेरे पिता का नाम ABDUL RAHMAN है जो कि गलत दर्ज है, जबकि सही नाम ALLA RAKKHA है। भविष्य में इसी नाम से जाना-पहचाना जाये।

**-मौ. खलीलुर रहमान पुत्र अल्ला रक्खा, मौहल्ला पठानपुरा, नजीबाबाद, जिला-बिजनौर**

# अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल हुआ समाप्त

## ऋतु खंडूडी ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के सनेह में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल का रविवार को समापन हो गया है। समापन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने वरिष्ठ फोटो पत्रकार एवं बर्डर राजू पुशोला,




**कोटद्वार में आयोजित बर्ड वाचिंग फेस्टिवल के समापन समारोह को संबोधित करती प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष।**

वरिष्ठ बर्डर अजय खंतवाल तथा राजीव बिष्ट को भी सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय वन्यजीव संस्थान, हमारा पिरुल हमारी पहचान, फाइन आर्ट गैलरी सहित अन्य स्टॉलों का अवलोकन किया। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग न केवल मानसिक सुकून प्रदान करती है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने का एक रोमांचक और रचनात्मक माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम उम्र से ही बर्ड वॉचिंग और प्रकृति फोटोग्राफी के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे पर्यावरण को बेहतर ढंग से समझ सकें और उसके संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनें। वहीं जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष तथा सभी बर्ड वॉचर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन की सराहना करते हुए कहा कि फेस्टिवल से बना सकारात्मक मोमेंटम बनाए रखना आवश्यक है, ताकि इसे एक स्थायी बर्ड वॉचिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सके। फेस्टिवल के समापन अवसर पर मैराथन दौड़, पेंटिंग, क्विज़ एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान फोटोग्राफी, पेंटिंग, बर्ड वॉचिंग से जुड़े विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पार्षद संजय भंडारी, उपजिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी, बर्ड वॉचर, स्कूली बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री धामी के कोटद्वार आने पर शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा मांगों को लेकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को कोटद्वार आये प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में लंबे समय से रिक्त प्रधानाचार्य व प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन विसंगतियां, चयन व प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत होने पर एक वेतन वृद्धि, एलटी शिक्षकों के 21 वर्ष बाद पदोन्नति होने पर प्रोन्नत वेतनमान, तदर्थ नियुक्त शिक्षकों को तदर्थ सेवा, जूनियर बेसिक समायोजन शिक्षकों को चयन प्रोन्नत का लाभ देने, विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं, शिक्षकों को पूर्व की भांति यात्रावकाश, स्वत: सत्रांत लाभ, शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करते हुए प्रवक्ता पदों का पदसृजन, मंडल परिवर्तन पर वरिष्ठता के लाभ से वंचित न करने, अंर्तमंडलीय स्थानांतरण, विद्यालयों का कोटीकरण, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप में छात्रों की प्रतियोगिता एवं प्रोत्साहन हेतु बजट उपलब्ध कराने, अटल उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों के पदों को भरने आदि मांगे की गई हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, जिलामंत्री विजेंद्र सिंह बिष्ट, पद्ममेश बुड़ाकोटी, बिजेंदर तोमर, संजय रावत मुकेश रावत,डबल सिंह रावत, दीपक नौटियाल, पूरन चंद्र धूलिया, भगत सिंह रावत, संतोष नेगी और प्रेम सिंह रावत आदि शिक्षक शामिल रहे।

## सब रजिस्ट्रार कार्यालय में मिली गंभीर अनियमित्ताओं से व्यवस्था पर सवाल उठे

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में पकड़ी कई अनियमितताओं के बाद अब आय प्रमाण-पत्र व दाखिला-खारिज अन्य सेवाओं की भी जांच की मांग होने लगी। शिक्षा का अधिकार आरटीई, नंदा-गौरा देवी, अनेक योजनाओं का लाभ लेने के लिए निर्धारित आय सीमा का आय प्रमाण-पत्र बनाना अब अनिवार्य है, लेकिन इने बनवाने के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। आय का प्रमाण-पत्र न बनने के कारण लोग जन कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी देहरादून से आय प्रमाण-पत्र एवं अन्य जन सेवाओं का भी औचक निरीक्षण करने की मांग की है। सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में जिलाधिकारी सविन बंसल के औचक निरीक्षण में मिली गंभीर अनियमितताओं ने व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। डीएम की इस कार्रवाई से स्थानीय जनता काफी खुश है और ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से करते रहने की मांग कर रहे हैं।

## 'बेल' मोटर संपर्क मार्ग ठीक कराने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत इलेक्ट्रानिक्स कर्मचारी संगठन ने जल निगम से बीईएल को जाने वाले संपर्क मोटर मार्ग की हालत दुरस्त करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में मोटर मार्ग की हालत ठीक नहीं है। इस पर आवागमन करने में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबध में शुक्रवार को कर्मचारी संगठन के महासचिव प्रदीप बडोला की ओर से प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि कंपनी के अधिकांश कर्मचारी जल निगम से बीईएल की ओर आने वाले संपर्क मोटर मार्ग से आवाजाही करते हैं। वर्तमान में पेयजल लाइन बिछने के कारण मोटर मार्ग को जगह-जगह पर खोद दिया गया है, इस कारण मोटर मार्ग पर खड्ढे बने हुए हैं और कर्मचारियों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने स्थानीय विधायक से इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

## जो भी मचायेंगे उत्पात, कार्रवाई होगी उनके खिलाफ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एक दुकान में बाबा नाम अंकित होने को लेकर हुएं बवाल के बाद पुलिस अब पुरी सतर्कता बरत रही है। राज्य की सीमा पर चेक पोस्ट पर बाहर से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। 31 जनवरी को हुए बवाल के बाद पुलिस ने 30-40 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने, शांति भंग करने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा सरकारी कार्य में बांधा डालने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरी तरफ कमल पाल की तहरीर पर कांग्रेस नेता विजय रावत व दीपक के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर प्रदीप नेगी ने बताया कि उत्पात मचाने वालो खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## स्वास्थ्य विभाग के संविदाकर्मियों ने की समान कार्य समान वेतन देने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन ने उपनल कर्मियों की तर्ज पर उन्हें भी समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग की है। कहा कि संविदा कर्मचारी पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनकर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अन्य कर्मचारियों की भांति मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

इस संबंध में शनिवार को कोटद्वार दौरे पर आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संगठन के प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप रमोला की ओर से सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचएम के अंतर्गत कार्य कर रहे संविदा कर्मचारी राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लंबे समय से निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति मिलने वाले लाभों से वंचित किया जा रहा है, जो संविदा कर्मचारियों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, समान कार्य के लिए समान वेतन देने, उन्हें भी गोल्डन कार्ड की सुविधा प्रदान करने और कर्मचारियों को वेतन समय से जारी करने की मांग की है।

## गुरुवचन सिंह बने अध्यक्ष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी (अल्पसंख्यक मोर्चा)के सांगठनिक जनपद कोटद्वार के अध्यक्ष पद पर सरदार गुरुवचनसिह को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने दी। नियुक्ति पत्र में अपेक्षा की गई है कि सरदार गुरुवचनसिह भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायेंगे।



# रूद्रपुर व पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का जल्द होगा संचालन शुरु

## एमबीबीएस की 100-100 सीटों के लिये एनएमसी में किया आवेदन

**नैनीताल ( चिंगारी )।** चिकित्सा शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ के संचालन को पूरी तरह से तैयार है। विभाग ने दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की स्वीकृति के लिये नेशनल मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है। एनएमसी से स्वीकृति मिलने के उपरांत रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा साथ ही तराई-भाबर व सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सूबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विस्तार किया जा रहा है। साथ ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा व आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऊधमसिंह नगर व पिथौरागढ़ जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। जिनके संचालन के लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि एनएमसी से स्वीकृति मिलने के उपरांत दोनों मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कक्षाएं विधिवत शुरू कर दी जायेगी। इसके लिये हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

### डॉ. धन सिंह रावत ने कहा...

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में एमबीबीएस कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है।**

**चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें की स्वीकृति के लिये एनएमसी को प्रस्ताव भेज दिया गया है।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## भाकियू टिकैत ने संगठन का किया विस्तार, डॉ. शमीम अहमद बने मीडिया प्रभारी

**नूरपुर ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने रविवार को संगठन का विस्तार करते हुए डॉ. शमीम अहमद को मीडिया प्रभारी, मोहम्मद शमशेर को ब्लॉक उपाध्यक्ष,धर्मपाल सिंह को प्रचार संगठन मंत्री, पियूष कुमार को ब्लॉक महासचिव, संजीव कुमार को ब्लॉक संरक्षक, सोहित कुमार को ब्लॉक संगठन मंत्री व सुमित कुमार को ब्लॉक संगठन मंत्री मनोनीत किया। शीशपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, रियाजुद्दीन उर्फ मंटू, नासिर मलिक आदि ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी।



नवमनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपते चन्द्रपाल सिंह।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई



**चांदपुर ( चिंगारी )**। सन्त गुरु रविदास समिति चांदपुर के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रृद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में बैंडबाजे व मनमोहक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। मुहल्ला मुफ्ती सराय से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नेहरू चौक पहुंची, जहां समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र खन्ना ने बिरादरी के चौधरियों के साथ-साथ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी व विकास गुप्ता रॉकी का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। शोभायात्रा में तीन बैंड के अलावा सन्त गुरु रविदास, मीरा की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा का नेहरू चौक के नजदीक भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, शारिक जिया, इमरान अहमद तथा बाजार बजरिया में निर्मल पांडे, सतीश शर्मा, पंकज त्यागी आदि द्वारा जोरदार स्वागत किया गया तथा शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र खन्ना, यतीश कुमार, कमल ठेकेदार, अमित लखोइया संजय सिंह, कृष्णा पेंटर, कुंवर सैन गोतम, अनुज गौतम, राहुल खन्ना, डा. संजीव कुमार, गजेन्द्र कुमार सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग साथ-साथ चल रहे थे।

## स्कूल बस में डम्पर ने मारी टक्कर, चार बच्चे घायल



**नूरपुर ( चिंगारी )**। स्कूल बस में डम्पर ने टक्कर मारी, चार बच्चे घायल हुए। एक बच्चा गम्भीर हालत में बिजनौर रैफर हुआ। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में लिया। सोमवार की सुबह रूट्स स्कूल की एक बस क्षेत्र के गांव रतनगढ़ से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। जब वह चांदपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंची तो सामने से आ रहे डम्पर ने बस में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बच्चों की चीख़ पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बस में घायल हुए दक्ष पुत्र विपिन, माधव पुत्र प्रशान्त, युवान पुत्र भविराज व अनन्त तोमर पुत्र प्रशान्त तोमर चार बच्चों को बस से निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने दक्ष के पैर में फ्रेक्चर होने के कारण उसे उपचार के लिए बिजनौर रैफर कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया व कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी ने मौके पर पहुंचकर घायलों की जानकारी ली। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना पर स्कूल के चेयरमैन शान्तानु गुप्ता व व्यवस्थापक दिनेश त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बच्चों के परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।



**आज जिनकी 27वीं पुण्यतिथि है**

प्रगतिशील विचारक, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, सिद्धांतों के अटूट पक्षधर, अनुशासन एवं न्यायप्रिय, निष्पक्ष आचरण की प्रतिमूर्ति, आजीवन स्नेहमयी व्यवहार प्रदान करने वाली दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सहित शत-शत नमन।

स्व. चौ. धर्मवीर सिंह
पूर्व विधायक
जन्मतिथि 23 सितम्बर 1923
पुण्यतिथि 2 फरवरी 1998

-: श्रद्धावनत:-
महीपाल सिंह, डा. एम.पी.सिंह, विजयपाल सिंह, कुशलपाल सिंह, कुलदीप कुमार सिंह, अजित कुमार सिंह व विश्वजीत सिंह

ग्राम इस्माइलपुर, चांदपुर, जनपद-बिजनौर

### नाम परिवर्तन

यह कि मेरे पूराने दस्तावेज में मेरी माता का नाम हुसनूदा और पिता का नाम मुन्तयाज था। वर्तमान में मेरे दस्तावेज में माता का नाम खुर्शीदा व पिता का नाम मुमताज अहमद है। उन्हें इसी नाम से जाना व पुकारा जाए।

**-मौहम्मद दिलशाद अंसारी पिता मुमताज अहमद, माता खुर्शीदा, निवासी ग्राम व पोस्ट कासमपुर गढ़ी, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी
सभी किसान भाइयों को जानकर हर्ष होगा कि अमन कोल्ड स्टोरेज नजीबाबाद रोड, किरतपुर में आलू का भंडारण 10 फरवरी से आरंभ हो रहा है।
संपर्क सूत्र- 9358193577, 9457762649, 9870954969



गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor